शनिवार, 27 सितम्बर 2025

**मौसम**

तापमान 26 – 32
आर्द्रता 79%
सूर्योदय: 5:26 सूर्यास्त: 17:30

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, आश्विन शुक्लपक्ष पंचमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये




पांचवा नवरात्र : माँ स्कन्दमाता

स्थानीय खबरें पृष्ठ चार, पांच और छह पर

सुविचार : जिंदगी बदलने के लिए वक्त मिलता है, जिंदगी दोबरा नहीं मिलती।




## गंभीर पहल से ही होते हैं युद्ध समाप्त

संयुक्त राष्ट्र महासभा में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप का जैसा अगंभीर व असामान्य व्यवहार नजर आया, उससे कहीं से नहीं लगा कि वे विश्व की एक महाशक्ति का नेतृत्व कर रहे हैं। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि दुनिया में युद्धों को समाप्त करने के लिये सिर्फ बयानबाजी नहीं, ठोस रणनीति व गंभीर प्रयासों की जरूरत होती है। संयुक्त राष्ट्र में डोनॉल्ड खुद को लगातार जबरदस्ती एक शांति के मसीहा के तौर पर पेश करते रहे हैं। उन्होंने दावा दोहराया कि उनके नेतृत्व में दुनिया में सात युद्धों को समाप्त किया गया। दावा कि उन्होंने संघर्ष को नियंत्रित करने में निर्णायक भूमिका का निर्वहन किया। जबकि इसके विपरीत उनके भाषण का सार कुछ और ही दर्शाता है। साफ नजर आया कि एक ऐसा नेता जो स्थायी शांति सुनिश्चित करने के लिये आवश्यक सहयोग के स्तंभों को ही कमजोर कर रहा है। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि पूंजीपति सरोकारों के अनुरूप उन्होंने 'जलवायु परिवर्तन को अब तक का सबसे बड़ा धोखा' बताकर खारिज कर दिया। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि जलवायु परिवर्तन के घातक प्रभावों से पूरी दुनिया में जन-धन की व्यापक क्षति हो रही है। इसके चलते सूखे, बाढ़ व विनाशकारी तूफानों से पूरी दुनिया की खाद्य सुरक्षा खतरे में नजर आ रही है। जो मानव जीवन को लगातार संघर्षमय बना रहे हैं। ट्रंप का शांति बनाये रखने के दावे करना और जलवायु परिवर्तन की वास्तविकता को नकारना, उनके विरोधाभासी व्यवहार को ही दर्शाता है। साथ ही उनकी बयानबाजी के खोखलेपन को ही उजागर करता है। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही कि उन्होंने विश्वव्यापी प्रवासन को 'राष्ट्रों को नष्ट करने वाली' शक्ति बताकर निंदा की, जो मानवता के खिलाफ दुर्भावना ही कही जाएगी। बेहतर भविष्य और सुखमय जीवन की तलाश में प्रवासन सदियों से मानव इतिहास का हिस्सा रहा है। जिसने विभिन्न समाजों को नया आकार दिया है और प्रगति को नई गति दी है।

निस्संदेह, प्रवासियों को खतरे के रूप में पेश करना जेनोफोबिया को बढ़ावा देना है। जो वैश्विक समुदायों को विभाजित करने की कुत्सित कोशिश है। ऐसे संघर्ष को रोकने के बजाय इस तरह की गैरजिम्मेदार बयानबाजी सामाजिक आक्रोश और विभाजन को ही जन्म देगी। कालांतर ये विकसित राष्ट्रों में आए प्रवासियों के विरुद्ध नस्लीय हिंसा को बढ़ावा देगा। निस्संदेह, प्रवासियों के लिये अपने दरवाजे बंद करने से शांति सुनिश्चित नहीं होती। आज जब आधुनिक तकनीक व संचार क्रांति के चलते दुनिया के एक गांव में तब्दील होने की बात कही जाती है तो यह सोच नितांत अतार्किक व मानवीय मूल्यों की विरोधी ही है। वहीं दूसरी ओर संयुक्त राष्ट्र पर ट्रंप का हमला करना और इसे 'अप्रभावी और पाखंडी करार देना'- उनके कथित शांतिदूत होने के दावे को कमजोर करता है। माना कि संयुक्त राष्ट्र संघ की अपनी सीमाएं हैं, लेकिन आज के संघर्षरत विश्व में यह एकमात्र वैश्विक निकाय है, जो संवाद, मानवीय राहत और शांति स्थापना के लिये कारगर विकल्प प्रस्तुत करता है। खुद को शांति के संरक्षक के रूप में प्रस्तुत करते हुए, इस पर अनुचित तरीके से हमला करना, उन्हीं संस्थाओं को कमजोर करना है, जो दुनिया को युद्ध के संकट से बचाने का काम करती हैं। बहरहाल, घटनाक्रम का भारत के लिये स्पष्ट सबक है कि हमें वाशिंगटन के साथ मजबूत संबंध बनाये रखते हुए, अलगाववादी-संशयवादी राजनीति में नहीं फंसना चाहिए। इसके बजाय, भारत को बहुपक्षवाद, जलवायु नेतृत्व और समावेशी वैश्विक शासन पर दुगनी गति से जोर देना चाहिए। शांति को केवल सैन्य संयम तक सीमित नहीं किया जा सकता। इसके लिये साझी मानवीय चुनौतियों से मुकाबले के लिये सहयोग की आवश्यकता है। ट्रंप के संयुक्त राष्ट्र महासभा में दिए गए भाषण ने एक अन्य विरोधाभास को भी उजागर किया, कि एक तरफ तो यह नेता युद्धों को समाप्त करने के नाम पर वाहवाही लूटने का श्रेय लेने हेतु तमाम तरह के प्रपंच करता है, लेकिन वहीं दूसरी ओर भविष्य में युद्धों को भड़काने वाली परिस्थितियों को हवा भी देता है। यदि हम दुनिया में सही मायनों में शांति स्थापना की आकांक्षा रखते हैं तो उसके लिये एकजुटता की जरूरत होती है न कि खोखले नारों की।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 27 सितम्बर, शनिवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, आश्विन शुक्लपक्ष पंचमी, 12:03 तक, नक्षत्र : अनुराधा, 25:00 तक, योग : प्रीति, 23:44 तक, सूर्योदय: 5:26, सूर्यास्त: 17:30, चन्द्रोदय : 09:59, चन्द्रास्त: 20:45, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : कन्या, चन्द्र राशि : वृश्चिक, राहू काल : 08:28 से 09:58

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आप अपने आलस को अपने ऊपर हावी होने न दे। लंबे समय से रुकी हुई योजनाएं पूरी हो सकती हैं। बचत पर भी पूरा ध्यान देना होगा।

**वृष :** आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। परिवार के सदस्यों के साथ समय बिताने का आपको मौका मिलेगा।

**मिथुन :** आज आपको जल्दबाजी में कोई निर्णय लेने से बचना होगा। सुख साधनों में वृद्धि होगी। आपके घर किसी अतिथि का आगमन हो सकता है। आपकी कला व कौशल में निखार आएगा।

**कर्क :** आज आप अपने घर की साज-सज्जा पर अच्छा खासा खर्च करेंगे, लेकिन इनकम थोड़ी सी कम रहेगी। आपको परिवार में किसी सदस्य की कोई बात बुरी लग सकती है।

**सिंह :** आज आपकी इनकम के सोर्स बढ़ेंगे। व्यस्तता अधिक रहेगी और आपका मनोबल भी ऊंचा रहेगा। आपको किसी शुभ व कार्यक्रम में सम्मिलित होने का मौका मिलेगा।

**कन्या :** आज आपके अंदर प्रेम व सहयोग की भावना बनी रहेगी। आप कुछ कानूनी मामलों में निर्णय थोड़ा धैर्य रख कर ले और आपको बेवजह की भागदौड़ लगी रहेगी।

**तुला :** आज आप किसी बड़े लक्ष्य पर अपना ध्यान केंद्रित करेंगे, जिसके लिए आप पूरी मेहनत से करेंगे। किसी नए काम की शुरुआत भी आप कर सकते हैं। मन की इच्छा पूरी हो सकती है।

**वृश्चिक :** आज का दिन आपके लिए वाणी व व्यवहार पर संयम बनाए रखने के लिए रहेगा। बिजनेस करने वाले जातकों को अपनी इनकम को बढ़ाने के मौके मिलेंगे। कोई पुराना लेनदेन चुकता होगा।

**धनु :** आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आपके घर किसी शुभ व मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। आपको कार्यक्षेत्र में अच्छे काम के लिए कोई पुरस्कार मिल सकता है।

**मकर :** आज का दिन आपके लिए सेहत में उतार-चढ़ाव लेकर आने वाला है। आप किसी से भी कटु वचन ना बोले और वाहनों के प्रयोग से आपको सावधान रहना होगा।

**कुम्भ :** आज का दिन आपके लिए लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है। आप उन्नति की राह पर आगे बढ़ेंगे।

**मीन :** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। बिजनेस को लेकर यदि आप कोई बदलाव करना चाहते थे, तो वह आप कर सकते हैं। आपकी सुख सुविधाओं में भी वृद्धि होगी।

# दुःखों से मुक्ति और मोक्ष प्राप्ति हेतु स्कन्दमाता पूजन



अशोक प्रवृद्ध

सम्पूर्ण जगत की भलाई व देवताओं के कल्याण हेतु प्रकटित भगवती माता दुर्गा के पंचम स्वरूप स्कन्दमाता की पूजा- अर्चना नवरात्रि के पांचवें दिन किये जाने किये जाने की पौराणिक परिपाटी है। स्कन्दमाता स्वरूप की उत्पत्ति नवरात्रि के ठीक पांचवे दिन होती है। पौराणिक ग्रंथों में देवी -देवताओं को न केवल माता-पिता की संज्ञा प्राप्त है, बल्कि उन्हें भक्त वत्सल भी कहा गया है। माता- पिता के द्वारा अपनी संतान के लालन- पालन के प्रति सदैव सक्रिय रहने की भांति ही देवता संसार के प्राणियों के लालन- पालन हेतु सक्रिय रहते हैं। भक्तों पर वात्सल्य बरसाने हेतु सदैव तत्पर रहने वाली दुर्गा का स्कन्दमाता स्वरूप भक्तों के समस्त दुःखों को भगाती हैं। अपने प्रति भक्ति से समर्पित भक्त को यह तत्काल फल देती हैं। पौराणिक ग्रंथों के अनुसार भगवती की शक्ति से उत्पन्न हुए सनत्कुमार का नाम स्कन्द है, जिसे कार्तिकेय के नाम से पुराणों में संज्ञायित किया गया है। कुमार कार्तिकेय को पौराणिक ग्रंथों में सनतकुमार, स्कन्द कुमार के नाम से भी संज्ञायित किया गया है। देवसेना के सेनापति स्कन्द की माता होने से भगवती की पांचवीं स्वरूप स्कन्दमाता कहलाती है। स्कन्द अर्थात भगवान कार्तिकेय दक्षिण भारत में भगवान मुरुगन के नाम से प्रसिद्ध हैं। मुरुगन की महिमा पुराणों में गाई गई है और उन्हें कुमार और शक्तिधर कहा जाता है। उनके वाहन मोर होने के कारण उन्हें मयूरवाहना भी कहा जाता है। मुरुगन अर्थात कार्तिकेय भगवान गणेश के भाई के रूप में भी जाने जाते हैं। भगवती की पंचम स्वरूप देवी स्कंदमाता शेर की सवारी करती हैं। इनका वाहन शेर अर्थात सिंह पराक्रम, वीरता का प्रतीक है। भगवान मुरुगन अर्थात कार्तिकेय माता की गोद में बैठें हैं। देवी स्कंदमाता को चार हाथों से चित्रित किया गया है। माता के दो हाथों में कमल का फूल है। माता के दाहिने हाथ में बाल मुरुगन बैठें हैं, और दूसरा दाया हाथ अभय मुद्रा में रहता है। माता कमल के फूल पर भी बैठती हैं। इसलिए माता के इस रूप को देवी पद्मासना के नाम से जाना जाता है। यह पद्म, पुष्प, वरमुद्रा से युक्त हैं। अपने भक्तों की समस्त इच्छाओं को पूर्ण करने वाली स्कन्दमाता को माहेश्वरी व गौरी के नाम से भी जाना जाता है। महादेव शिव की वामिनी अर्थात पत्नी होने के कारण इन्हें माहेश्वरी भी कहा जाता है ।

पौराणिक मान्यतानुसार नवरात्रि के पांचवे दिन श्री भगवती दुर्गा के पंचम स्वरूप अर्थात विग्रह के रूप में प्रसिद्ध स्कन्दमाता की पूजा अर्चना होती है। भक्तों को अभीष्ट फल प्रदान करने वाली स्कन्द माता के इस स्वरूप की अर्चना से दाम्पत्य जीवन के आंगन में वात्सल्य की प्राप्ति होती है, अर्थात संतान की कामना को पूर्ण करने वाली होती हैं। व्यक्ति की बुद्धि निर्मल व चित्त प्रसन्न होता है। घर -परिवार की जिम्मेदारियों को निभाने की शक्ति प्राप्त होती है। भक्तों के कल्याण हेतु अति तेजस्वी रूप में दिखाई देने वाली स्कन्दमाता का दर्शन अति कल्याण प्रद है, जो धन, धान्य व संतान को देने वाला है। माता के चरित्र व कथानक का बड़ा ही सुंदर वर्णन दुर्गासप्तशती में करते हुए स्कन्दमाता को सभी प्राणियों की पीड़ा को हरने वाली,

**पांचवा नवरात्र : माँ स्कन्दमाता**



सब में व्याप्त रहने वाली कहा गया है। इनकी कृपा से संपूर्ण अभीष्ट वस्तुओं की प्राप्ति होती है। स्कन्दमाता ही संसार को उत्पन्न करने वाली तथा उन पर वात्सल्य वरसाने वाली है। कठिन परिस्थितियों में भी यह संसार का कल्याण करना नही भूलती है। सदा अभय प्रदान करने वाली स्कन्दमाता जिन पर प्रसन्न रहती है, वे ही देश में सम्मानित होते हैं, उन्हीं को धन, यश और बैभव की प्राप्ति होती है, उन्हीं का धर्म कभी शिथिल नहीं होता तथा वे ही अपने हृष्ट-पुष्ट स्त्री, पुत्र और भृत्यों के साथ धन्य माने जाते हैं। देवी की कृपा से ही पुण्यात्मा पुरूष प्रतिदिन अत्यन्त श्रद्धापूर्वक सदा सब प्रकार के धर्मानुकूल कर्म करता हुआ स्वर्ग लोक को प्राप्त करता है। इसलिए इन्हें तीनों लोकों में निश्यच ही मनोवांछित फल देने वाली कहा गया है। माता दुर्गे का स्मरण करने पर सब प्राणियों का भय हर लेती हैं, और स्वस्थ पुरूषों द्वारा चिन्तन करने पर उन्हें परम कल्याणमयी बुद्धि प्रदान करती है। इसीलिए भक्तजन प्रार्थना करते हुए कहते हैं- दुःख, दरिद्रता और भय हरनेवाली देवि। आपके सिवा दूसरी कौन हैं, जिसका चित्त सबका उपकार करने के लिए सदा ही दयार्द रहता हो।

देवी सप्तशती व अन्य शाक्त ग्रंथों में स्कन्द माता के संदर्भ में अंकित विविध मन्त्र व स्रोत अति कल्याण प्रद व भक्तों के दुखों को दूर करने वाले तथा मनवांछित फलों को देने वाले माने जाते हैं। मान्यता है कि स्मरण करने से व्यक्ति को वांछित फल की प्राप्ति होती है-

*दुर्गायै दुर्गपारायै सारायै सर्वकारिण्यै।*
*ख्यात्यै तथैव कृष्णायै धूम्रायै सततं नमः ।।*
*सिंहासनगता नित्यं पद्माश्रितकरद्वया ।*
*शुभदास्तु सदा देवी स्कन्दमाता यशस्विनी।।*

पौराणिक ग्रन्थों के अनुसार सूर्यमंडल की अधिष्ठात्री देवी स्कन्धमाता की उपासना करने से उपासक अलौकिक तेज की प्राप्ति करता है। यह अलौकिक प्रभामंडल प्रतिक्षण उसके योगक्षेम का निर्वहन करता है। एकाग्र भाव से मन को पवित्र करके माता की स्तुति करने से दुःखों से मुक्ति पाकर मोक्ष का मार्ग सुलभ होता है। कुंडलिनी जागरण के उद्देश्य से माता दुर्गा की उपासना करने वाले उपासकों के लिए यह दिन विशुद्ध चक्र की साधना का होता है। इस चक्र का भेदन करने के लिए भक्त को पहले माता की विधि सहित पूजा के लिए कुश अथवा कंबल के पवित्र आसन पर बैठकर पूजा प्रक्रिया को उसी प्रकार से शुरू करना चाहिए, जैसे पिछले चार दिनों में किया गया है। फिर देवी की प्रार्थना मंत्र- सिंहासनगता नित्यं पद्माश्रितकरद्वया. शुभदास्तु सदा देवी स्कन्दमाता यशस्विनी- से करनी चाहिए। इसके बाद पंचोपचार विधि से देवी स्कन्दमाता की पूजा -आराधना नवरात्रि के पंचम दिन किये जाने से विशुद्ध चक्र के जाग्रत होने वाली सिद्धियां स्वतः प्राप्त हो जाती हैं, और मनुष्य सुख-शांति की प्राप्ति करता है। इस चक्र में अवस्थित साधक के मन में समस्त बाह्य क्रियाओं और चित्तवृत्तियों का लोप हो जाता है, और उसका ध्यान चैतन्य स्वरूप की ओर होता है। समस्त लौकिक, सांसारिक, मायाविक बंधनों को त्याग कर वह पद्मासन माता स्कन्दमाता के रूप में पूर्णतः समाहित होता है। सिंह के आसन पर विराजमान तथा कमल के पुष्प से सुशोभित दो हाथो वाली यशस्विनी देवी स्कन्दमाता शुभदायिनी है। नवरात्रि की पंचमी तिथि को कहीं -कहीं भक्त जन उत्तम फलदायक उद्यंग ललिता का व्रत भी रखते हैं। स्कन्दमाता की भक्ति- भाव सहित पूजन करने वाले भक्तों को देवी की कृपा प्राप्ति, समस्त मनोकामनाओं की पूर्ति, घर में सुख, शांति एवं समृद्धि का वास होने की मान्यता के शारदीय व वासन्तीय नवरात्र के पंचम दिन आश्विन शुक्ल पंचमी व चैत्र शुक्ल पंचमी के दिन भक्तों के द्वारा बड़े विश्वास के साथ स्थापित देवी-देवताओं की पूजा करते हुए स्कन्दमाता की पूजा शुद्ध जल, तीर्थ के जल, गंधाक्षत, पुष्प, धूप, दीप, नैवेद्य सहित सम्पूर्ण पूजन की सामाग्री एकत्रित करके नित्यादि क्रियाओं से निवृत्त होकर शुद्धता पूर्वक करने की परिपाटी है। संतान की कामना करनेवाले भक्तगण इनकी विशेष रूप से पूजा करते हैं। वे इस दिन लाल वस्त्र में लाल फूल, सुहाग की वस्तुएं- सिंदूर, लाल चूड़ी, महावर, लाल बिंदी, फल, चावल आदि बांधकर माता की गोद भरनी करते हैं। वात, पित्त, कफ जैसी बीमारियों से पीड़ित व्यक्ति को स्कंदमाता की पूजा कर माता को अलसी चढ़ाकर प्रसाद में रूप में ग्रहण करना चाहिए। नवरात्रि में दुर्गा सप्तशती पाठ किये जाने की भी अपनी महिमा है।

# यूपी/बिहार/झारखंड

### बिहार: तेज प्रताप ने विधानसभा चुनाव से पहले अपनी नयी पार्टी 'जन शक्ति जनता दल' बनाई




**पटना :** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव के बड़े पुत्र और पार्टी से निष्कासित तेज प्रताप यादव ने शुक्रवार को बिहार में लंबी सियासी लड़ाई के लिए नयी पार्टी 'जन शक्ति जनता दल' बनाने का ऐलान किया। बिहार के पूर्व मंत्री तेजप्रताप ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर 'जन शक्ति जनता दल' का पोस्टर साझा किया, जिसमें उन्होंने खुद को 'राष्ट्रीय अध्यक्ष' के रूप में दिखाया है तथा चुनाव चिह्न के रूप में 'ब्लैकबोर्ड' को दर्शाया है। हालांकि, निर्वाचन आयोग के सूत्रों ने कहा कि उन्हें अब तक इस नाम की किसी पार्टी के पंजीकरण और उसे चुनाव चिह्न आवंटित किए जाने की कोई जानकारी नहीं है।

### झारखंड: दो सड़क दुर्घटनाओं में छह लोगों की मौत

**जमशेदपुर/गिरिडीह :** झारखंड के पूर्वी सिंहभूम और गिरिडीह में शुक्रवार को दो सड़क दुर्घटनाओं में कम से कम छह लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार ये दुर्घटनाएं पूर्वी सिंहभूम के बहरागोड़ा और गिरिडीह के बड़कीटांड इलाके में हुईं। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार तड़के पूर्वी सिंहभूम जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-18 पर झरिया मोड़ के पास कोलकाता से जमशेदपुर की ओर आ रही एक कार एक भारी वाहन के पिछले हिस्से से टकरा गई,

## बिहार की महिलाओं को सुनिश्चित करना होगा कि राजद, उसके सहयोगी कभी सत्ता में न लौटें: मोदी

**75 लाख महिलाओं के खातों में 10-10 हजार रु. अंतरित किए**

**पटना :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि उसके शासनकाल में बिहार की महिलाओं को भारी तकलीफें झेलनी पड़ीं। साथ ही उन्होंने महिलाओं से आह्वान किया कि वे यह सुनिश्चित करें कि लालू प्रसाद यादव के नेतृत्व वाली पार्टी और उसके सहयोगी दल राज्य में दोबारा सत्ता में न लौट सकें। प्रधानमंत्री मोदी दिल्ली से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 'मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना' की शुरुआत के अवसर पर बिहार की महिलाओं को संबोधित कर रहे थे। इस योजना के तहत राज्य



की 75 लाख महिलाओं को आजीविका गतिविधियों के लिए 10-10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। प्रधानमंत्री ने कहा, ''नवरात्रि के पावन अवसर पर महिलाओं का आशीर्वाद मेरे लिए बड़ी शक्ति है। आज से मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना की शुरुआत हुई है। अब तक 75 लाख बहनें इस योजना से जुड़ चुकी हैं और सभी के खातों में 10-10 हजार रुपये भेजे गए हैं।'' उन्होंने कहा, ''जब कोई बहन या बेटी रोजगार या स्वरोजगार से जुड़ती है, तो उसके सपनों को पंख लगते हैं और समाज में उसका सम्मान भी बढ़ता है। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर जनधन योजना का भी उल्लेख किया और कहा कि यदि महिलाओं के बैंक खाते न खोले गए होते, तो यह राशि सीधे उनके खातों में नहीं पहुंच पाती।

## यूपी सरकार ने 'सुरक्षित कार्यस्थल-सशक्त नारी' अभियान चलाया

**महिलाओं की सुरक्षा के प्रति किया जागरूक**



**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को लेकर चलाया जा रहे 'मिशन शक्ति 5.0' के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा शुक्रवार को प्रदेश के सभी 75 जनपदों में एक साथ 'सुरक्षित कार्यस्थल-सशक्त नारी' अभियान और सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य कार्यस्थलों पर महिलाओं की सुरक्षा और यौन उत्पीड़न से संरक्षण संबंधी कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और रोकथाम) अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के प्रति प्रतिभागियों और आमजन को जागरूक करना था। एक बयान के मुताबिक, अभियान के पहले दिन विभिन्न आयोजनों में प्रदेश की लगभग 50,000 महिलाओं ने हिस्सा लिया। बयान में कहा गया कि जागरूकता अभियान में सरकारी-निजी कार्यालयों के अधिकारी, कर्मचारी, महिला स्वयं सहायता समूह की सदस्य, छात्राएं, अधिवक्ता, श्रमिक संगठन और स्थानीय समुदाय के प्रतिनिधि शामिल रहे।

## नीतीश ने लालू पर तंज करते हुए कहा- उन्हें सिर्फ अपने परिवार की चिंता है, पर हम सबके लिए काम करते हैं



**पटना :** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को अपने कट्टर प्रतिद्वंद्वी और राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद पर परोक्ष रूप से निशाना साधा और उन पर वंशवादी राजनीति करने और केवल अपने परिवार की परवाह करने का आरोप लगाया। कुमार ने यह टिप्पणी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा बिहार की मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना की शुरुआत के मौके पर की। मुख्यमंत्री ने कहा, राज्य की राजग सरकार लगातार बिहार के सर्वांगीण विकास और महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए काम कर रही है। वर्ष 2005 से पहले की सरकार ने महिलाओं के लिए कुछ नहीं किया। सबको मालूम है कि जब उन्हें (लालू प्रसाद) हटाया गया तो उन्होंने अपनी पत्नी (राबड़ी देवी) को मुख्यमंत्री बना दिया। उन्होंने सिर्फ अपने परिवार की परवाह की, जबकि हम सबके लिए, राज्य की जनता के लिए काम करते हैं। राबड़ी देवी 1997 में मुख्यमंत्री बनी थीं जब उनके पति लालू प्रसाद को चारा घोटाले में सीबीआई द्वारा आर-ोपपत्र दाखिल किए जाने के बाद पद छोड़ना पड़ा।

## सरकार चुनावी लाभ के लिए महिलाओं को लुभाने की कोशिश कर रही: प्रियंका गांधी

**पटना :** कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा बिहार में 'मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना' की शुरुआत किये जाने पर सवाल खड़े करते हुए आरोप लगाया कि सरकार चुनावी लाभ के लिए महिलाओं को लुभाने की कोशिश कर रही है। कांग्रेस महासचिव ने कहा, ''यह योजना चुनाव से ठीक पहले क्यों लाई जा रही है? पिछले 20 साल से किसकी सरकार सत्ता में रही है? इतने सालों में यह काम क्यों नहीं किया गया? अब अचानक इन्हें महिलाओं की याद आ रही है। यह साफ है कि इन्हें लगता है



कि इस योजना के जरिये महिलाओं का वोट हासिल किया जा सकता है।'' उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य, दोनों ही सरकारों ने लंबे समय तक महिलाओं के हित की योजनाओं को दरकिनार किया और अब चुनाव से पूर्व रोजगार योजना का ऐलान किया जा रहा है। गांधी ने कहा कि अब दाल नहीं गलने वाली है, क्योंकि बिहार की महिलाएं सब समझ रहीं हैं।

## वर्ग पहेली नं. 3220



*ऊपर से नीचे:-* 1) सौभाग्य, 2) समय घोष, 3) दो में से एक; वैकल्पिक, 4) भीड़भड़क्का, 5) अल्प-वयस्क, 7) आभूषण, 9) अनुचित, 11) घूरना, 12) परिचय, 13) आयाम; गोदी, 17) तीखा, 19) पल्लवित होना, 20) ऊपरी *(निगाह)*, 22) आय, 23) हत्यारा.

*(उत्तरः अगले अंक में)*

*बायें से दायें:-* 1) ज़मीन के अंदर बना रास्ता, 3) अरोचक; उबाऊ; सौंदर्यहीन, 6) पुरी *(उड़ीसा)* के देवता, 8) इत्यादि, 10) रिश्ता, 12) एक संख्या, 14) घूँसा, 15) आह; टीस, 16) सेवन करना *(दवा)*, 17) छोला, 18) खुशामदी, 21) गीदड़, 22) मुख, 23) बहुत, 24) एक दिशा, 25) अड़ोस, 26) विकल्प; उपाय, 27) दिखलाना.

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | नु | रू | प | ■ | अ | ■ | अ | स | म |
| चा | ■ | प | र | हे | ज | ■ | ल | ■ | छु |
| न | श्रा | ■ | स्प | ■ | रा | ज | सी | ■ | आ |
| क | म | जो | र | ■ | म | न | ■ | नि | रा |
| ■ | ■ | ब | ■ | ब | र | क | रा | र | ■ |
| वा | म | न | ■ | द | ■ | ■ | ख | प | त |
| हि | त | ■ | आ | न | बा | न | ■ | रा | ■ |
| या | ■ | वा | प | सी | ■ | ■ | स्वा | धी | न |
| त | मा | चा | ■ | ब | द | ना | मी | ■ | दी |

## सुडोकू-पहेली-3177

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | | | | | 2 | | 6 |
| | | | | 2 | | 1 | | 3 |
| | | 6 | 1 | | | | | 9 |
| 4 | | | | | | | | |
| | 8 | | 7 | 3 | | | | |
| | | | 4 | 9 | | | | |
| | | | | 8 | 6 | 7 | | |
| 6 | | | | | 2 | | | 5 |
| | 4 | | | | | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3176 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 6 | 5 | 4 | 3 |
| 2 | 4 | 3 | 5 | 7 | 1 | 6 | 9 | 8 |
| 6 | 5 | 9 | 4 | 8 | 3 | 2 | 7 | 1 |
| 8 | 1 | 7 | 6 | 5 | 2 | 4 | 3 | 9 |
| 9 | 6 | 5 | 8 | 3 | 4 | 7 | 1 | 2 |
| 3 | 2 | 4 | 7 | 1 | 9 | 8 | 5 | 6 |
| 4 | 9 | 2 | 3 | 6 | 7 | 1 | 8 | 5 |
| 5 | 3 | 1 | 2 | 4 | 8 | 9 | 6 | 7 |
| 7 | 8 | 6 | 1 | 9 | 5 | 3 | 2 | 4 |

शनिवार, 27 सितम्बर 2025

मौसम

| | |
|---|---|
| तापमान | 26 – 32 |
| आर्द्रता | 79% |
| सूर्योदय: 5:26 | सूर्यास्त: 17:30 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा




पांचवा नवरात्र : माँ स्कन्दमाता

स्थानीय खबरें पृष्ठ चार, पांच और छह पर

कोलकाता, आश्विन शुक्लपक्ष पंचमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : जिंदगी बदलने के लिए वक्त मिलता है, जिंदगी दोबरा नहीं मिलती।

# बंगाल में एक ऐसी नयी सरकार बने जो राज्य के 'सोनार बांग्ला' गौरव को बहाल करे: अमित शाह

## बंगाल में बदलाव का किया शंखनाद, दुर्गा पूजा उत्सव को सांस्कृतिक धरोहर बताया



गृह मंत्री ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की थीम पर बने संतोष मित्रा स्क्वायर पूजा पंडाल का किया उद्घाटन

**कोलकाता, समाज्ञा :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को बंगाल में बदलाव का शंखनाद करते हुए कहा कि उन्होंने मां दुर्गा से प्रार्थना की है कि अगले साल विधानसभा चुनाव के बाद यहां एक नई सरकार बने जो राज्य को 'सोनार बांग्ला (स्वर्णिम बंगाल) बना सके और खोए हुए गौरव को बहाल करे। कोलकाता के प्रसिद्ध संतोष मित्रा स्क्वायर के दुर्गा पूजा पंडाल का उद्घाटन के मौके पर शाह ने कहा कि हमारा बंगाल एक बार फिर सुरक्षित, शांतिपूर्ण और समृद्ध बने। हम नोबेल पुरस्कार विजेता कविगुरु रवींद्रनाथ टैगोर की कल्पना का बंगाल बना सकें। इस पूजा कमेटी ने इस बार ऑपरेशन सिंदूर की थीम पर अपना पंडाल बनाया है, जिसके आयोजक कोलकाता नगर निगम में भाजपा पार्षद सजल घोष हैं। शाह ने आशा व्यक्त की कि दुर्गा पूजा का त्योहार बंगाल को नई ऊंचाइयों की ओर ले जाएगी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा परिकल्पित विकसित भारत का सपना बंगाल के विकास के माध्यम से साकार होगा। गृह मंत्री ने कोलकाता में हाल में हुई वर्षाजनित घटनाओं में हुई मौतों पर भी शोक व्यक्त किया। शाह ने कहा कि दुर्गा पूजा उत्सव की शुरुआत में, हमने एक बहुत ही दुखद क्षण का अनुभव किया। बिजली के करंट लगने से 10 से अधिक लोगों की यहां जान चली गई। मैं मारे गए सभी लोगों को श्रद्धांजलि देता हूं। शाह ने बंगाल के दुर्गा पूजा उत्सव को एक सांस्कृतिक धरोहर बताया और कहा कि इसकी प्रशंसा पूरे विश्व में की जाती है। उन्होंने कहा कि यह नौ दिवसीय नवरात्र उत्सव न केवल बंगाल और भारत में, बल्कि पूरे विश्व में प्रसिद्ध हो गया है। बंगाल की इस महान परंपरा को पूरी दुनिया बड़े हर्षोल्लास के साथ देखती है। नौ दिनों तक, बंगाल में हर कोई शक्ति की उपासना में समर्पित रहता है। गृह मंत्री ने साल्टलेक स्थित पूर्वी क्षेत्रीय सांस्कृतिक केंद्र (ईजेडसीसी) में प्रदेश भाजपा समर्थित पश्चिम बंग संस्कृति मंच के दुर्गा पूजा पंडाल का भी उद्घाटन किया। इससे पहले शाह ने प्रसिद्ध कालीघाट मंदिर में पूजा-अर्चना भी की। कालीघाट में ही मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का घर है। शाह ने शिक्षाविद् एवं महान समाज सुधारक ईश्वर चंद्र विद्यासागर को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि भी दी।


RED-X

B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS

'X' Factor that Makes A Difference

Stockist :

GULAB CHAND LAL CHAND& Co.

9831114555

9874415555



समाज्ञा हिन्दी दैनिक

कॉर्पोरेट आफिस :

230, चित्तरंजन एवेन्यू, 3सरा तल्ला

कोलकाता-700 006


## ट्रंप ने दवाओं, किचन कैबिनेट, फर्नीचर और भारी ट्रकों पर आयात कर लगाने की घोषणा की

**वाशिंगटन :** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वह एक अक्टूबर से आयातित वस्तुओं पर भारी कर लगाएंगे, जिनमें दवाइयों पर 100 प्रतिशत, 'किचन कैबिनेट' और 'बाथरूम वैनिटी' (सिंक और सामान रखने के लिए उसके साथ बनी हुई अलमारी) पर 50 प्रतिशत, 'अपहोल्स्टर्ड फर्नीचर' पर 30 प्रतिशत और भारी ट्रकों पर 25 प्रतिशत कर लगाया जाएगा।

## सोनम वांगचुक कड़े एनएसए के तहत गिरफ्तार, जोधपुर जेल शिफ्ट किए गए

**लेह :** लद्दाख को राज्य का दर्जा और संविधान की छठी अनुसूची के विस्तार की मांग को लेकर केंद्र शासित प्रदेश में हुए हिंसक प्रदर्शन के दो दिन बाद शुक्रवार को जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। हिंसक प्रदर्शन में चार लोगों की मौत हो गई थी और 90 अन्य घायल हो गए थे। लद्दाख के पुलिस डीजीपी एस डी सिंह जामवाल के नेतृत्व में एक पुलिस दल ने अपराह्न 2.30 बजे वांगचुक को हिरासत में ले लिया। हालांकि, वांगचुक पर लगाये गए आरोपों पर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, लेकिन लद्दाख प्रशासन के सूत्रों ने संकेत दिया है कि जलवायु कार्यकर्ता के खिलाफ एनएसए लगाया गया है। राजस्थान के जोधपुर जेल में शुक्रवार रात तब अचानक हलचल बढ़ गई है। जब वहां पर बड़ी संख्या में पुलिस के वाहन पहुंचे। जेल के चारों तरफ़ सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है।



बारिश के बीच छाता लिए दर्शनार्थी पूजा पंडालों के दर्शन के लिए उमड़े।

## एनसीईआरटी विभिन्न स्कूल शिक्षा बोर्ड के प्रमाणपत्रों को समान मान्यता प्रदान करेगा

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) उच्चतर शिक्षा संस्थानों में दाखिला और सरकारी नौकरियों में भर्ती के लिए देश में विभिन्न स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा प्रदान किये गए 10वीं और 12वीं कक्षाओं के प्रमाणपत्रों को समान मान्यता देगी। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यह अधिसूचना शिक्षा मंत्रालय के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा ई-गजट में प्रकाशित की गई है। अधिसूचना 15 नवंबर 2021 की पूर्व अधिसूचना का स्थान लेती है, जिसमें यह दायित्व भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआईयू) को सौंपा गया था। शिक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ''एनसीईआरटी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत स्थापित राष्ट्रीय मूल्यांकन केंद्र, प्रदर्शन मूल्यांकन, समग्र विकास के लिए ज्ञान की समीक्षा और विश्लेषण (परख) के माध्यम से इस जिम्मेदारी का निर्वहन करेगा।''










# 'दो लाख करोड़ का बकाया रोका, किससे बनेगा सोनार बांग्ला?'

## अभिषेक बनर्जी ने 'सोनार बांग्ला' टिप्पणी को लेकर अमित शाह की आलोचना की

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने शुक्रवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के 'सोनार बांग्ला' नारे पर पलटवार करते हुए भाजपा नीत केंद्र सरकार पर पश्चिम बंगाल को दो लाख करोड़ रुपये का बकाया नहीं देने का आरोप लगाया। उन्होंने केंद्र सरकार पर राज्य के सांस्कृतिक आदर्शों की 'अवहेलना' करने का भी आरोप लगाया। इस दिन, ईश्वर चंद्र विद्यासागर की 205वीं जयंती पर विद्यासागर कॉलेज में मीडिया को संबोधित करते हुए अभिषेक ने शाह की कॉलेज का दौरा न करने या कोलकाता की अपनी यात्रा के दौरान



शिक्षाविद् को श्रद्धांजलि न देने के लिए आलोचना की। अभिषेक ने कहा कि भाजपा को पहले यह बताना चाहिए कि राज्य की बकाया राशि को क्यों रोका जा रहा है। उन्हेंने संवाददाताओं से कहा कि सबसे पहले, आपको अमित शाह से पूछना चाहिए - आप हमें (पश्चिम बंगाल) मिलने वाले दो लाख करोड़ रुपये कब जारी करेंगे? अगर वह कहते हैं कि तृणमूल कांग्रेस झूठ बोल रही है, तो वह जहां कहें, मैं तथ्यों और आंकड़ों के साथ बहस करने के लिए आऊंगा। तृणमूल सांसद बनर्जी ने भाजपा के 'सोनार बांग्ला' के नारे पर निशाना साधते हुए कहा कि वह 'सोनार बांग्ला' की बात करते हैं, लेकिन क्या उन्होंने 'सोनार बिहार' बनाया? क्या वे सोनार गुजरात, महाराष्ट्र या उत्तर प्रदेश बना पाए? वे इन सभी भाजपा शासित राज्यों में हमारे धन का इस्तेमाल कर रहे हैं। तृणमूल नेता ने इस मौके पर शाह को 2019 की घटना की याद दिलाई, जब भाजपा की एक रैली के दौरान कॉलेज के अंदर विद्यासागर की प्रतिमा को तोड़ दिया गया था। उन्होंने कहा कि टूटी हुई प्रतिमा अब भी अंदर रखी है। बंगाल के लोगों ने उन लोगों को करारा जवाब दिया है जिन्होंने यहां उत्तर भारतीय संस्कृति थोपने की कोशिश की और विद्यासागर की प्रतिमा तोड़ी। अभिषेक ने कहा कि उन्हें इस बात का 'गहरा दुख' है कि शाह ने विद्यासागर के घर या कॉलेज के आसपास होने के बावजूद इन जगहों का दौरा करने का समय नहीं निकाला। उन्होंने कहा कि इसलिए हम उन्हें बांग्ला-विरोधी कहते हैं। हमारी राजनीतिक लड़ाई जारी रहेगी, लेकिन जिस तरह से उन्होंने बंगाल के दिग्गजों का अपमान किया है, उसे भुलाया नहीं जा सकता।

## पार्थ चटर्जी अपने पद का दुरुपयोग करने की स्थिति में नहीं हैं : हाई कोर्ट

### पूर्व शिक्षा मंत्री को सशर्त जमानत, जेल से रिहाई पर संशय

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने स्कूल नौकरियों की भर्ती मामले में राज्य के पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी को शुक्रवार को जमानत देते हुए कहा कि वह अपने पद का दुरुपयोग करने या इसी तरह के अपराध करने की स्थिति में नहीं हैं, क्योंकि अब उनके पास ऐसा कोई आधिकारिक पद नहीं है। न्यायमूर्ति शुभ्रा घोष ने 11 पन्नों के फैसले में कहा कि वर्तमान मामले के साक्ष्य पहले से ही सीबीआई के पास हैं, तथा इस बात की बहुत कम संभावना है कि याचिकाकर्ता गवाहों को प्रभावित करेगा या डराएगा या इस स्तर पर जांच में हस्तक्षेप करेगा। पूर्व मंत्री को सशर्त जमानत देते हुए न्यायमूर्ति घोष ने कहा कि



याचिकाकर्ता के खिलाफ आरोप उनके आधिकारिक पद के दुरुपयोग से संबंधित है, जिसपर अब वह नहीं हैं। इसलिए, यह नहीं कहा जा सकता कि वह अपने पद का दुरुपयोग करने या इसी तरह के अपराध करने की स्थिति में हैं। अदालत ने कहा कि प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि पार्थ चटर्जी और प्राथमिक शिक्षा बोर्ड के तत्कालीन अध्यक्ष माणिक भट्टाचार्य और अन्य ने अपने आधिकारिक पद का दुरुपयोग किया और राज्य सरकार द्वारा संचालित और सहायता प्राप्त प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षकों के रूप में अयोग्य उम्मीदवारों को नियुक्त किया, जिससे योग्य इच्छुक उम्मीदवार सरकारी रोजगार से वंचित हो गए। उसने कहा कि निस्संदेह, आरोप अत्यंत गंभीर हैं और इनमें भ्रष्टाचार शामिल है, जिसका व्यापक रूप से समाज पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

अदालत ने कहा कि माणिक भट्टाचार्य सहित अन्य सभी आरोपी इस मामले में जमानत पर हैं। यह देखते हुए कि उनके फरार होने या कानूनी प्रक्रिया से बचने की बहुत कम संभावना है, न्यायमूर्ति घोष ने कहा कि चटर्जी से जांच एजेंसी ने केवल एक बार 15 अक्टूबर, 2024 को पूछताछ की थी। अदालत ने कहा कि इसलिए, यह अनुमान लगाया जा सकता है कि जांच एजेंसी को याचिकाकर्ता से आगे हिरासत में पूछताछ की आवश्यकता नहीं है।

## तेहट्ट में सड़क हादसे में मां-बेटे की मौत व पांच घायल, आरोपी गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूजा शुरू होने के ठीक पहले नदिया जिले के तेहट्ट थाना अंतर्गत बेटाई साधुबाजार इलाके में गुरुवार की रात एक सड़क दुर्घटना में एक महिला और उसका चार वर्षीय बेटे की मौत हो गई। वहीं, उसी कार में सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। शुक्रवार की दोपहर पुलिस ने आरोपित चालक अशोक राय को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, मृत महिला का नाम संगीता घोष (28) और उनके बेटे का नाम प्रीतम घोष (04) है। दोनों का घर तेहट्ट के साधुबाजार इलाके में ही है। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, गुरुवार की रात संगीता घोष अपने बेटे प्रीतम के साथ घर के सामने सड़क किनारे खड़ी थीं। तभी, लाल रंग की एक प्राइवेट कार श्यामनगर-बेटाई सड़क पर तेज रफ्तार से आई और मां-बेटे को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दोनों पास के जलाशय में जा गिरे। स्थानीय लोगों ने खोजबीन कर उन्हें बाहर निकाला और तेहट्ट महकमा अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इधर, टक्कर मारने के बाद कार अनियंत्रित होकर पलट गई और एक बिजली के खंभे से टकरा गई। हादसे में चालक अशोक राय सहित कार में सवार पांच लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने आरोपित चालक को पकड़ लिया, लेकिन पुलिस मौके पर पहुंची और आक्रोशित भीड़ से उसे छुड़ाया। इस दिन, दोपहर में पुलिस ने आधिकारिक रूप से अशोक राय की गिरफ्तारी की पुष्टि की।

## अदालत ने बीरभूम के बाशिंदों को बांग्लादेश भेजने को रद्द किया, वापसी के निर्देश

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने बीरभूम जिले से दो महिलाओं और उनके परिवारों को 'अवैध प्रवासी' करार देते हुए उन्हें बांग्लादेश भेजने के केंद्र के फैसले को शुक्रवार को रद्द कर दिया। अदालत ने केंद्र को निर्देश दिया कि वह सोनाली बीबी, स्वीटी बीबी और उनके तीन बच्चों समेत परिवार के चार अन्य निर्वासित सदस्यों को एक महीने के भीतर भारत वापस लाए। उच्च न्यायालय ने शुक्रवार के आदेश पर अस्थायी रोक लगाने की केंद्र सरकार की अपील भी खारिज कर दी। न्यायमूर्ति तपब्रत चक्रवर्ती की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने भोदू शेख की बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका के संबंध में यह आदेश पारित किया। बता दें कि याचिकाकर्ता ने दावा किया था कि नौ माह की गर्भवती उनकी बेटी सोनाली, उसके पति दानेश शेख और पांच वर्षीय बेटे को दिल्ली में हिरासत में लिया गया और बांग्लादेश भेज दिया गया। दानिश शेख बीरभूम के मुरारई का रहने वाला है। मुरारई के ही आमिर ने भी एक अन्य याचिका में ऐसा दावा किया था। खान ने कहा कि उसकी बहन स्वीटी बीबी और उसके दो बच्चों को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में ले लिया एवं बांग्लादेश भेज दिया। याचिकाकर्ताओं ने आरोप लगाया कि दिल्ली के रोहिणी क्षेत्र के सेक्टर 26 में दो दशकों से अधिक समय से दिहाड़ी मजदूरी करने वाले इन परिवारों को 18 जून को एएन काटजू मार्ग पुलिस ने अवैध बांग्लादेशी होने के संदेह में हिरासत में लिया था और बाद में 27 जून को सीमा पार भेज दिया था। बाद में, बांग्लादेश पुलिस ने इन लोगों को कथित रूप से गिरफ्तार कर लिया था। सोनाली के परिवार के सदस्यों ने इस बात पर चिंता व्यक्त की कि यदि उसने बांग्लादेश में बच्चे को जन्म दिया तो उसकी नागरिकता स्थिति क्या होगी। दोनों परिवारों का प्रतिनिधित्व करने वाले वकीलों ने उच्च न्यायालय में दलील दी कि बांग्लादेशी होने के संदेह में इन लोगों को जबरन एवं अवैध रूप से पड़ोसी देश भेज दिया गया जबकि उन्होंने संबंधित अधिकारियों के समक्ष भूमि स्वामित्व के कागजात और माता-पिता एवं दादा-दादी के मतदाता पहचान पत्र समेत आवश्यक नागरिकता दस्तावेज प्रस्तुत किये थे। उन्होंने अदालत में यह भी दावा किया कि बांग्लादेश भेज दिये गये बच्चों के वास्ते सरकारी अस्पताल से जारी किये गये जन्म प्रमाणपत्र भी प्रस्तुत किये गये थे।

## पारंपरिक खेलों पर हावी हुआ ऑनलाइन दौर, पंडाल में बच्चे मोबाइल पर खेलते दिखे लूडो

**हुगली, समाज्ञा :** बदलते समय के साथ पारंपरिक खेलों की जगह अब मोबाइल गेम्स लेते जा रहे हैं। एक दौर था जब परिवार और मोहल्ले के लोग मिलकर खाली समय में लूडो, साँप-सीढ़ी जैसे खेल खेलते थे। बाजार से खरीदा



गया लूडो बोर्ड घर की रौनक बढ़ा देता था और सामूहिक खेल आपसी रिश्तों को मजबूत बनाने का जरिया भी होता था। लेकिन, अब परंपराएं बदल रही हैं। बच्चों की दुनिया अब मोबाइल स्क्रीन तक सिमट चुकी है। इसी बदलते परिदृश्य का दृश्य इस बार घोड़ा मारा इलाके के एक दुर्गा पूजा पंडाल में नजर आया। पंडाल में बच्चे एक साथ तो बैठे, लेकिन उनके हाथों में रंगीन गोटियों वाला लूडो नहीं बल्कि मोबाइल फोन था। सबके मोबाइल पर ऑनलाइन लूडो गेम खुला हुआ था और वे उसी में मशगूल थे। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह तस्वीर समाज में हो रहे तेजी से बदलाव का प्रतीक है। पहले पंडालों में बच्चे और युवक आपस में मेल-जोल बढ़ाते थे, लेकिन अब मोबाइल गेम्स ने सामूहिक खेलों की जगह ले ली है।

## प्रोसेनजीत चटर्जी ने दिल्ली पब्लिक स्कूल कोलकाता में बच्चों संग मनाया दुर्गा पूजा उत्सव

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता में दुर्गा पूजा का जश्न हर साल भक्ति, संस्कृति और कला की अनूठी छटा बिखेरता है। इस बार दिल्ली पब्लिक स्कूल कोलकाता में आयोजित विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम ने इस भव्यता को और खास बना दिया। कार्यक्रम में बंगाल फिल्म जगत के सुपरस्टार प्रोसेनजीत चटर्जी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और बच्चों के साथ उत्सव का आनंद लिया। स्कूल परिसर में आयोजित इस समारोह में छात्रों ने पारंपरिक नृत्यों, श्लोकों और दुर्गा पूजा से प्रेरित कलात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से बंगाल के सबसे बड़े त्योहार की झलक पेश की। पूरे आयोजन में उत्साह, भक्ति और संस्कृति की जीवंतता साफ झलक रही थी। प्रोसेनजीत चटर्जी ने



बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि दुर्गा पूजा केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि एकता और सांस्कृतिक गर्व का प्रतीक है। उन्होंने छात्रों को प्रोत्साहित किया कि वे अपनी परंपराओं को गर्व से आगे बढ़ाएं और समाज में सकारात्मकता फैलाएं। दिल्ली पब्लिक स्कूल कोलकाता लंबे समय से शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक मूल्यों को भी समान महत्व देता रहा है। इस अवसर ने नवरात्रि और दुर्गा पूजा की भावना को खूबसूरती से एक साथ जोड़ते हुए छात्रों के लिए इसे एक यादगार अनुभव बना दिया।

## कोलकाता पुलिस ने दुर्गापूजा के दौरान साइबर सुरक्षा जागरूकता के लिए साइबरसेफ पूजा कियोस्क किए शुरू



**कोलकाता, समाज्ञा :** दुर्गा पूजा के अवसर पर साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से कोलकाता पुलिस ने शहर के प्रमुख पंडालों में साइबरसेफ पूजा कियोस्क स्थापित किए हैं। इन कियोस्क के माध्यम से श्रद्धालुओं और पंडाल घूमने वालों को तुरंत साइबर सुरक्षा संबंधी मार्गदर्शन मिलेगा और उन्हें ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने के उपायों के बारे में जानकारी दी जाएगी। शुक्रवार को कोलकाता के पुलिस आयुक्त ने एकडालिया एवरग्रीन में एक साइबरसेफ पूजा कियोस्क का औपचारिक उद्घाटन किया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इन कियोस्क के जरिए दुर्गा पूजा के दौरान बढ़ती भीड़ में साइबर अपराध रोकथाम संबंधी संदेश अधिक प्रभावी तरीके से लोगों तक पहुंच पाएंगे। कोलकाता पुलिस ने सभी श्रद्धालुओं और नागरिकों से अपील की है कि वे इन कियोस्क पर अवश्य जाएं और साइबर सुरक्षा का संदेश अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने में सहयोग करें।

## सियालदह डिवीजन ने स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 के तहत विशेष पहलें की तेज

**कोलकाता, समाज्ञा :** सियालदह डिवीजन ने स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 के अंतर्गत शुक्रवार को कई विशेष पहलें शुरू की। इस अभियान के तहत स्वच्छ फूड इनिशिएटिव



का आयोजन सियालदह स्टेशन पर किया गया। जिसमें ठेकेदारों को स्वच्छता और सुरक्षित खाद्य हैंडलिंग के प्रति जागरूक किया गया और भोजन अपशिष्ट के उचित निपटान को सुनिश्चित किया गया। इसी तरह के अभियान सोनारपुर, बरासात, बैरकपुर, राणाघाट, बहरमपुर कोर्ट, नैहाटी, कोलकाता और दमदम जंक्शन जैसी स्टेशनों पर भी आयोजित किए गए। साथ ही, कई ट्रेनों और प्रमुख स्टेशनों जैसे सियालदह, कोलकाता और नैहाटी में कीट और कृंतक नियंत्रण अभियान चलाए गए। सियालदह डिवीजन के विभिन्न रेलवे कॉलोनियों जैसे बरासात, बहरामपुर कोर्ट, सियालदह रेलवे कॉलोनी, घोलेशापुर रेलवे कॉलोनी, कैसर स्ट्रीट, नॉर्थ सियालदह रेलवे कॉलोनी, लाल बिल्डिंग, गार्ड कॉलोनी, हर्षी स्ट्रीट, ओएस कॉलोनी और न्यू अलीपुर ऑफिसर्स कॉलोनी में भी यह अभियान प्रभावी रूप से संचालित किया गया। यह वार्षिक अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चल रहा है, जिसका उद्देश्य देशभक्ति के साथ स्वच्छता और राष्ट्र सेवा को बढ़ावा देना है।

## सियालदह डिवीजन दुर्गा पूजा के अवसर पर 31 अतिरिक्त ईएमयू स्पेशल ट्रेनें चलाएगा

**कोलकाता, समाज्ञा :** दुर्गा पूजा और लक्ष्मी पूजा के शुभ अवसर पर सियालदह डिवीजन ने यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष ट्रेनें संचालित करने की घोषणा की है। त्योहार के दौरान यात्रियों के बढ़ते दबाव को ध्यान में रखते हुए सियालदह डिवीजन 27 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक प्रतिदिन 31 अतिरिक्त उपनगरीय स्पेशल ईएमयू ट्रेनें चलाएगा। इन ट्रेनों का मार्ग सभी स्टेशनों पर स्टॉपेज के साथ निर्धारित किया गया है। इन अतिरिक्त ट्रेनों में सियालदह-राणाघाट, सियालदाह-नैहाटी, राणाघाट-नैहाटी, सियालदह-कल्याणी, सालदाह-बनगांव, सियालदह-बारासात, राणाघाट-कृष्णानगर, कृष्णानगर-कल्याणी, कल्याणी-राणाघाट, कृष्णानगर-नैहाटी, सियालदह (साउथ)-बारुइपुर, बारुइपुर-बालीगंज, सियालदह-बजबज और बजबज-न्यू अलीपुर लोकल ट्रेनें शामिल हैं। साथ ही, 28 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सुबह 14:00 बजे तक सभी उपनगरीय ट्रेन सेवाएं संडे शेड्यूल के अनुसार चलेंगी। इसके बाद सभी स्टेशनों पर नियमित स्टॉपेज के साथ ट्रेनें सेवा में रहेंगी। उल्लेखनीय है कि, सियालदह-बारुइपुर पैसेंजर स्पेशल ट्रेन (सियालदह साउथ) 17:35 बजे चलेगी। 27 सितंबर से 1 अक्टूबर तक सालदाह-बंगन लोकल ट्रेन संख्या 33863 का समय 23:50 बजे से 00:10 बजे के लिए पुनर्निर्धारित किया गया है। इसके अतिरिक्त, 24 ईएमयू लोकल ट्रेनें (33437, 33438, 33401, 33366, 33801, 33823, 33832, 31636, 31622, 31623, 31712, 31711, 31801, 31838, 31821, 31824, 31601, 31634, 34502, 34355, 34602, 34626, 34627 और 34650) इन दिनों रद्द रहेंगी। वहीं, तीन जोड़ी एसी ईएमयू लोकल ट्रेनें निर्धारित समयानुसार चलती रहेंगी।

## पूजा पर सनफीस्ट मॉम्स मैजिक शाइन्स ने प्रस्तुत किया 'ज्योतिर्मयी मां'

**कोलकाता, समाज्ञा :** आईटीसी सनफीस्ट मॉम्स मैजिक ने राज्य में मॉम्स मैजिक शाइन्स लॉन्च किया है। इस दुर्गा पूजा पर सनफीस्ट मॉम्स मैजिक शाइन्स की ओर से मां का भव्य स्वरूप प्रस्तुत किया गया और उसे नाम दिया है ज्योतिर्मयी मां - देवी दुर्गा मां का एक उज्ज्वल अवतार। मां की मूर्ति को एक लाख से ज़्यादा मोज़ेक दर्पणों से सजाया गया है, जो मां द्वारा पूरी की जानें वाले अनगिनत इच्छाओं को दर्शाता है। प्रसिद्ध



टॉलीवुड अभिनेत्री स्वास्तिका मुखर्जी, ने प्रतिष्ठित बागबाजार सर्बजोनिन पंडाल में मां दुर्गा की जगमगाती मूर्ति का अनावरण किया। इस पहल पर टिप्पणी करते हुए, आई टी सी लिमिटेड के चीफ़ एग्ज़िक्युटिव, बिस्किट्स एंड केक्स क्लस्टर, कविता चतुर्वेदी ने कहा कि एक मां ही वास्तव में अपने बच्चे के जीवन में चमक लाती है। इस दुर्गा पूजा पर,सनफीस्ट मॉम्स मैजिक शाइन्स, ज्योतिर्मयी मां अभियान के माध्यम से इस विश्वास को जीवंत करता है - यह माताओं द्वारा अपने बच्चों के लिए दुर्गा मां से कामना करने और डिजिटल रूप में उस कामना को साकार होते देखने का एक अवसर है।

## कोलकाता मेट्रो रेल सेवा 50 मिनट तक बाधित रही, व्यक्ति पटरी पर गिरा

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता में शुक्रवार को जतिन दास पार्क स्टेशन पर एक व्यक्ति के पटरी पर गिर जाने के कारण मेट्रो रेलवे सेवाएं 50 मिनट तक बाधित रहीं। यह जानकारी एक अधिकारी ने दी। यह घटना दोपहर करीब 1 बजे शहीद खुदीराम-दक्षिणेश्वर खंड की 'ब्लू लाइन' पर हुई। अधिकारी ने कहा कि जतिन दास पार्क स्टेशन पर बिजली की आपूर्ति में बार बार व्यवधान के कारण, उस खंड पर तीसरी रेल की बिजली बंद कर दी गई... और यात्रियों की असुविधा को कम करने के लिए सेवाओं को कम कर दिया गया। उन्होंने कहा कि दक्षिणेश्वर-शहीद खुदीराम कॉरिडोर पर दोपहर 1.50 बजे सेवाएं बहाल कर दी गईं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि व्यक्ति को बचा लिया गया और अस्पताल ले जाया गया।

## महिला कर्मचारियों की स्वास्थ्य और मानसिक जागरूकता बढ़ाने हेतु मेट्रो रेल भवन में शिविर आयोजित

**कोलकाता, समाज्ञा :** मेट्रो रेल भवन में महिलाओं के लिए एक बहुउद्देशीय स्वास्थ्य जांच शिविर और मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन मेट्रो रेलवे के मेडिकल विभाग द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम



का उद्घाटन मेट्रो रेलवे के महाप्रबंधक शुभ्रांशु शेखर मिश्रा ने किया। यह कार्यक्रम स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में डॉ. गोपा मजूमदार, प्रधान मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अम्बिका जैन, प्रधान वित्तीय सलाहकार और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। महाप्रबंधक ने आशा व्यक्त की कि यह पहल मेट्रो रेलवे की महिला कर्मचारियों के लिए लाभकारी सिद्ध होगी और उनकी स्वास्थ्य एवं मानसिक जागरूकता को बढ़ाएगी। इस कार्यक्रम में 68 से अधिक महिला अधिकारी शामिल हुईं, जिनकी विभिन्न महत्वपूर्ण स्वास्थ्य पैरामीटर वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारियों द्वारा जांच की गई। इस तरह के कार्यक्रम कर्मचारियों के स्वास्थ्य और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने में मददगार साबित होते हैं।

## रेलवे बोर्ड सदस्य डॉ. मनोज सिंह ने हावड़ा पार्सल कार्यालय और शेवड़ाफुली स्टेशन का किया दौरा

**कोलकाता, समाज्ञा :** रेलवे बोर्ड के अतिरिक्त सदस्य (मार्केटिंग एवं बिजनेस डेवलपमेंट) डॉ. मनोज सिंह ने शुक्रवार को हावड़ा स्टेशन के पार्सल कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पार्सल मैनेजमेंट सिस्टम की कार्यप्रणाली की समीक्षा की और अधिकारियों से बातचीत करते हुए पार्सल संचालन में दक्षता बढ़ाने, ग्राहक-केंद्रित सेवाओं को प्राथमिकता देने और डिजिटल एकीकरण को और सशक्त बनाने पर जोर दिया। निरीक्षण के समय उनके साथ पूर्वी रेलवे के प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। डॉ. सिंह ने अमृत भारत स्टेशन योजना (एबीएसएस) के तहत चल रहे विकास कार्यों की भी समीक्षा की।



इसके अंतर्गत उन्होंने शेवड़ाफुली स्टेशन का दौरा किया, जहां उन्होंने बुनियादी ढांचे के उन्नयन, उपलब्ध स्थानों के व्यावसायिक उपयोग और यात्रियों की सुविधाओं के विस्तार की प्रगति का जायजा लिया। अतिरिक्त सदस्य ने पूर्व रेलवे के प्रयासों की सराहना की और अधिकारियों को विश्वस्तरीय यात्री सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ-साथ व्यावसायिक संभावनाओं को अधिकतम करने की दिशा में निरंतर प्रयास जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान सीनियर डीसीएम राहुल रंजन सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## न्यूज अपडेट

### फ्लिपकार्ट बिग बिलियन डेज में दोपहिया वाहनों के लिए सहज और डिजिटल खरीदारी सुविधा

**कोलकाता, समाज्ञा :** बिग बिलियन डेज 2025 की शुरुआत हो चुकी है, और भारत का अग्रणी ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ग्राहकों को इस अवसर पर पेट्रोल और इलेक्ट्रिक दोनों तरह के दोपहिया वाहनों की विस्तृत रेंज के साथ डिजिटल, किफायती और सुविधाजनक खरीदारी का अनुभव प्रदान कर रहा है। फ्लिपकार्ट का लक्ष्य है कि यह प्लेटफॉर्म त्योहारों के मौसम में दोपहिया वाहनों के लिए पसंदीदा गंतव्य बने। इस कलेक्शन में हीरो, टीवीएस, बजाज, सुजुकी, ओला, एथर, वीडा और एम्पीयर जैसे नामी ब्रांड शामिल हैं। साथ ही, इस बार रॉयल एनफील्ड मोटरसाइकिल भी प्लेटफॉर्म पर लॉन्च होगी। हाल ही में 350सीसी से कम टू-व्हीलर पर जीएसटी दर 28% से घटाकर 18% कर दी गई है, जिससे ग्राहकों को अतिरिक्त बचत का मौका मिलेगा। फ्लिपकार्ट इलेक्ट्रॉनिक्स के वाइस प्रेसिडेंट सुजीत आगाशे ने बताया कि पिछले वर्ष में प्लेटफॉर्म पर टू-व्हीलर की मांग तीन गुना बढ़ी है। फ्लिपकार्ट 100% असली वाहनों के साथ आसान डिजिटल लोन, बीमा और रजिस्ट्रेशन सेवाएं भी उपलब्ध करा रहा है।

### टीसीआई ने कोलकाता में खोला अपना सबसे बड़ा वेयरहाउस, बढ़ेगा व्यापार

**कोलकाता, समाज्ञा :** ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (टीसीआई), देश की अग्रणी मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स और सप्लाई चेन समाधान प्रदाता कंपनी ने कोलकाता के सीजीटीए नगर में अपने सबसे बड़े वेयरहाउस में से एक का शुभारंभ किया। 10.5 एकड़ भूमि पर फैला यह अत्याधुनिक वेयरहाउस लगभग तीन लाख वर्ग फुट क्षेत्रफल में निर्मित है। इसे पूर्वी और उत्तर-पूर्वी भारत का प्रमुख हब बनाने के साथ-साथ भूटान, बांग्लादेश और दक्षिण-पूर्व एशिया के साथ सीमा-पार व्यापार को भी गति देने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह सुविधा ऑटोमोबाइल, ई-कॉमर्स, एफएमसीजी, रिटेल और टेक्सटाइल सहित कई उद्योगों की जरूरतों को पूरा करने में सक्षम है। इसमें कोल्ड-चेन समाधान, रोबोटिक्स-समर्थित ढांचा और ऊर्जा-कुशल डिज़ाइन जैसी आधुनिक सुविधाएं शामिल हैं। टीसीआई सप्लाई चेन सॉल्यूशन्स के सीईओ मनोस कुमार त्रिपाठी ने कहा कि यह वेयरहाउस न केवल क्षेत्रीय आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देगा, बल्कि स्थिरता और पर्यावरण-सचेत बुनियादी ढाँचे का उदाहरण भी बनेगा। उन्होंने इसे कंपनी की जड़ों से जुड़े कोलकाता के लिए एक महत्वपूर्ण पड़ाव बताया।

### शरदोत्सव के दौरान कोलकाता मेट्रो में यात्रियों की संख्या 9.33 लाख तक पहुंची

**कोलकाता, समाज्ञा :** शरदोत्सव के शुभारंभ के साथ ही कोलकाता में पर्व का माहौल छा गया है। पंडाल प्रेमियों ने पंडाल हॉपिंग शुरू कर दी है और वे विभिन्न मार्गों पर यात्रा के लिए मेट्रो सेवाओं का अधिकतम उपयोग कर रहे हैं। मेट्रो यात्रा न केवल किफायती और सुरक्षित है, बल्कि ट्रैफिक जाम से बचने का भी आसान तरीका है। 25 सितंबर (तृतीया) को मेट्रो में कुल 9.33 लाख यात्रियों ने यात्रा की, जो पिछले वर्ष की तृतीया की संख्या 5.40 लाख से अधिक है। ब्लू लाइन में 6.77 लाख और ग्रीन लाइन में 2.32 लाख यात्री यात्रा कर चुके हैं। ब्लू लाइन की अधिकांश ट्रेनें दिनभर समयानुसार चलीं। येलो, ग्रीन, ऑरेंज और पर्पल लाइन की सेवाएं भी लगभग सुचारू रूप से संचालन में रहीं। पूजा के दौरान लंबी कतारों से बचने के लिए यात्रियों से डिजिटल टिकटिंग जैसे स्मार्ट कार्ड और मोबाइल क्यूआर टिकट का उपयोग करने के लिए बढ़ावा दिया जा रहा है।

### मेट्रो स्मार्ट कार्ड के नए नियम लागू होते ही बिक्री में दर्ज की गई रिकॉर्ड वृद्धि

**कोलकाता, समाज्ञा :** मेट्रो यात्रियों के लिए स्मार्ट कार्ड के नए नियमों के लागू होते ही बिक्री में अभूतपूर्व वृद्धि दर्ज की गई है। 25 सितंबर को कुल 4,409 स्मार्ट कार्ड बेचे गए, जबकि 24 सितंबर को केवल 2,813 कार्ड बिके थे, जो पिछले दिन की तुलना में 56 प्रतिशत अधिक है। इसी दौरान शाम 10 बजे तक कुल 44,810 स्मार्ट कार्ड रिचार्ज या रिवैलिडेट किए गए। नए नियमों के तहत स्मार्ट कार्ड का रिफंडेबल सिक्योरिटी डिपॉजिट 80 से घटाकर 50 कर दिया गया है, जबकि न्यूनतम इश्यू मूल्य 150 से घटाकर 100 किया गया है। इसमें 50 सिक्योरिटी डिपॉजिट और 52 राइड वैल्यू (2 बोनस सहित) शामिल है। अब कार्ड की वैधता 10 वर्षों तक होगी, और मौजूदा वैध कार्ड की वैधता रिचार्ज पर भी 10 साल तक बढ़ाई जाएगी। नए कार्ड की वैधता पहली स्वाइप से शुरू होगी और रिचार्ज पर 5% बोनस जारी रहेगा। यात्रियों को लगातार डिजिटल टिकटिंग उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

### कम उम्र में डायबिटीज रोकने के लिए मोटापा घटाने की सलाह

**कोलकाता, समाज्ञा :** अत्यधिक मोटापा और जंक फूड की आदत के कारण कम उम्र के लोगों में भी डायबिटीज की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है। इसके परिणामस्वरूप हृदय, किडनी, आंख समेत शरीर के अन्य महत्वपूर्ण अंग क्षतिग्रस्त होकर कई जटिल बीमारियों का खतरा पैदा कर रहे हैं। इस स्थिति में समय पर जागरूकता और सही इलाज के माध्यम से डायबिटीज को नियंत्रित करना संभव है, ऐसा कहना है शहर के प्रमुख चिकित्सकों का। चिकित्सकों का कहना है कि डायबिटीज की रोकथाम के लिए नियमित व्यायाम, स्वस्थ भोजन, पर्याप्त नींद और मानसिक तनाव नियंत्रण बेहद जरूरी है। साथ ही, यदि बीमारी की पहचान हो जाए तो समय पर डॉक्टर की सलाह और दवा लेने से इसकी जटिलताओं को काफी हद तक रोका जा सकता है।

### एक्शन टेसा ने राष्ट्रीय कारपेंटर दिवस मनाकर लकड़ी के फर्नीचर उद्योग के कारीगरों को किया सम्मानित

**कोलकाता, समाज्ञा :** एक्शन टेसा ने लगातार दूसरे वर्ष राष्ट्रीय कारपेंटर दिवस मनाया। इस अवसर पर कंपनी ने फर्नीचर उद्योग में काम करने वाले कारीगरों को सम्मानित किया ताकि इन कारीगरों को अलग पहचान मिल सके। पिछले साल हुए आयोजन की शानदार सफलता के बाद, इस साल राष्ट्रीय कारपेंटर दिवस के अवसर पर कंपनी ने देश भर में 50 से ज़्यादा स्थानों पर 'मेगा मीट' का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में कारीगरों ने फर्नीचर बनाने की कला को एक दूसरे से साझा किया और राष्ट्रीय कारपेंटर दिवस का जश्न मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ फिल्म अभिनेता अजय देवगन के प्रेरणादायक शब्द थे। इस अवसर पर, एक्शन टेसा के प्रबंध निदेशक, अजय अग्रवाल ने कहा कि कारपेंटर फर्नीचर उद्योग की रीढ़ हैं क्योंकि उनके हाथ हर सपने को आकार देते हैं। टेसा सलाम और डब्ल्यूपीपीटी जैसी पहलों के साथ, हम न केवल आज उन्हें सम्मानित कर रहे हैं, बल्कि एक उज्जवल भविष्य की नींव भी रख रहे हैं।


समाजसेवी संघ


अलीपुर सार्वजनिन


बेहला नतून दल


पूर्वांचल उदयन संघ

# बारिश के बीच महाचतुर्थी पर पंडालों में उमड़ी भारी भीड़

**कोलकाता, समाज्ञा :** बारिश के बीच महानगर महाचतुर्थी की शाम से महानगर कोलकाता सह उपनगरों के विभिन्न दुर्गा पूजा मंडपों में भीड़ देखी गई। साफ कहें तो महा चतुर्थी के दिन सुबह 10 बजे से ही दर्शनार्थियों को सड़कों पर देखा गया। जैसे-जैसे समय का पहिया आगे बढ़ता रहा शाम के बाद भीड़ विभिन्न पूजा मंडपों में बढ़ती रही। दक्षिण कोलकाता की बात हो या फिर उत्तर कोलकाता की। पोर्ट अंचल में 25 पल्ली, 74 पल्ली जैसे दुर्गा पूजा मंडपों में लोगों को देखा गया, लेकिन भीड़ व्यापक नहीं थी। महानगर कोलकाता के तमाम जगहों पर भीड़ देखी गई। देखा गया। मध्य कोलकाता की बात करे तो सेंट्रल एवेंन्यू हो या फिर बेहाला और दमदम जैसे इलाका यहां सबसे ज्यादा भीड़ का रेला देखा गया। दुर्गा पूजा के रंग में रंगे महानगर आज रौशनी में नहाया रहा और लोग बाग दुर्गा पूजा के पूर्व ही उत्सव के मजे लेते नजर आये। कोलकाता पुलिस के साथ ही राज्य पुलिस ही नहीं विभिन्न सुरक्षा एजेंसी पूजा के दौरान सुरक्षा वय्वस्था को पुख्ता करने में जुटी रही। महानगर के चप्पे चप्पे पर पुलिस की हर सम्भावित सुरक्षा व्यवस्था को अंजाम दिने की कोशिश भी नजर आयी। इस दिन देर शाम श्रीभूमि, सुरुचि संघ, बदामतला, मो. अली पार्क, अहिरीटोला, कुम्हारटोली, भवानीपुर के कई पूजा पंडालों में दर्शनार्थी पंडाल भ्रमण के लिए पहुंच गए थे। पूजा आयोजकों का दावा है कि, रात बढ़ने का साथ ही भीड़ का रेला भी बढ़ सकता है। पुलिस ही नहीं दुर्गा पूजा आयोजक और स्वंयसेवी भी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए तैयार है। महानगर वे संलग्न नामचीन दुर्गा पूजा मंडपों में जाने को लिए दर्शनार्थियों का उत्साह देखने लायक था। लालबाजार सूत्रों के अनुसार, चतुर्थी से ही कोलकाता में 10 हजार पुलिस कर्मी तैनात किए गए हैं। डिप्टी कमिश्नर रैंक के दर्जनों अफिसर भी तैनात हैं। बड़े पूजा मंडपों के आसपास कुल 50 से ज्यादा वॉच टावर बनाये गये हैं। जिस पंडाल में अधिक भीड़ होती है, वहां ड्रोन से नजर रखी जा सकती है। भीड़ नियंत्रित करने के लिए सैकड़ों जगहों पर पुलिस पिकेट बनायी गयी है। महिलाओं की सुरक्षा के लिए महिला पुलिस कर्मी तैनात है। शहर में जगह-जगह नाकाबंदी कर वाहनों की तलाशी ली जा रही है। जबकि, पूजा के दिनों में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाये रखने के लिए लगभग 4 हजार से अधिक ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को ड्यूटी पर तैनात रखा जायेगा। महानगर सहित बड़े पूजा मंडपों के आसपास कुल एम्बुलेंस खड़ी रखी जायेंगी। पीसीआर वैन की तैनाती की जानकारी है। महानगर में उमड़ी भीड़ ने पूजा आयोजकों को एक ओर उत्साहित किया है तो दूसरी ओर इस बार अधिक से अधिक भीड़ उमड़ने का संकेत भी दे दिया है। महानगर कोलकाता में लाखों की संख्या में उमड़ने वाले दर्शनार्थियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए मेट्रो रेलवे की अतिरिक्त सेवा शुरू हो गई है। दुर्गा पूजा मंडपों के पास खानपान को स्टाल भी व्यापक संख्या में लगे दिखे जहां लोगों को जमकर पेट पूजा भी करते देखा गया।


त्रिधारा सम्मिलनी


41 पल्ली


ढाकुरिया उत्तर पल्ली क्लब


उल्टाडांगा संग्रामी


ठाकुरपुकुर एसबी पार्क सार्वजनिन


चतुर्थी के अवसर पर बाल नवीन संघ मुक्ताराम बाबू स्ट्रीट के पूजा पंडाल का उद्घाटन हुआ एवं इस दौरान वस्त्र वितरण किया गया। समारोह में तपन रॉय, जॉयदीप बागची, सूरज यादव, श्यामलाल दुबे, बिनोद टंडन, संदीप कपूर, पशुपति सिल, राकेश मेहरा, सुशील पोद्दार, सिद्धांत टंडन, निशित कोठारी, निशित सिंह, रवि चोबे, शिव कुमार दास, आनंद पासवान, सुनील पुरोहित, सोहम सिंह व अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।


कल्चर कनेक्ट कार्यक्रम के तहत संतरागाछी सार्वजनिन दुर्गोत्सव, रामराजा स्पोर्टिंग क्लब, हावड़ा द्वारा आयोजित दुर्गा पूजा पंडाल का राज्यपाल सी.वी आनंद बोस ने उद्घाटन किया।


चतुर्थी पर नवयुवक सुधार संघ के 73वें दुर्गा पूजा पंडाल का उद्घाटन मंत्री अरुप राय के हाथों के हुआ। इस मौके पर चेयरमैन अवधेश नारायण सिंह, अध्यक्ष अनिल कुमार चौबे, उपाध्यक्ष अनिल सिंह, सचिव मनोज जायसवाल, कोषाध्यक्ष डी.एन सिंह व गौतम चौधरी व अन्य गणमान्य उपस्थित रहे


बारिशा क्लब

## जनता कल्याण संघ समिति ने भव्य मंदिर के रूप में सजाई महापंडाल

- ❑ स्थान - बेलिलियस रोड,
- ❑ पूजा थीम - भव्य मंदिर
- ❑ चेयरमैन - महेंद्र जायसवाल
- ❑ अध्यक्ष - राधे श्याम जायसवाल
- ❑ कोषाध्यक्ष - धर्मेंद्र साव
- ❑ मुख्य संरक्षक - राजेंद्र प्रसाद साव
- ❑ लेखा-परिचालक- रितेश जायसवाल



**हावड़ा, समाज्ञा :** जनता कल्याण संघ का 54वां दुर्गा पूजा उत्सव भव्यता के साथ प्रारंभ हो रहा है। यह संघ हर वर्ष अलग-अलग थीम के साथ दुर्गा पूजा का आयोजन करता है और शहरवासियों को आकर्षित करता है। 2023 और 2024 में प्रशासन की ओर से इसे दुर्गा पूजा की ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया था। पूजा का उद्घाटन आज यानी 27 सितंबर को होगा। इस वर्ष शंकरमठ के पूज्य स्वामी डॉ. प्रज्ञानानन्द सरस्वती जी महाराज दीप प्रज्वलन करेंगे। इस अवसर पर समाज्ञा के संपादक अनिल राय सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे। इस बार का बजट लगभग 11 लाख रुपये है। हर साल की तरह इस बार भी हजारों श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है। इस वर्ष की थीम के अंतर्गत समिति ने एक भव्य मंदिर का स्वरूप प्रस्तुत किया है। इसे नए और आकर्षक तरीके से सजाया गया है ताकि श्रद्धालु मां दुर्गा की भक्ति को गहराई से अनुभव कर सकें। पंडाल के हर हिस्से में आस्था और आध्यात्मिकता का भाव झलकता है। प्रतिमा को इस प्रकार गढ़ा गया है कि मां दुर्गा का भक्ति स्वरूप और शक्ति का तेज स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। इस वर्ष की थीम न केवल दर्शनीय है बल्कि भक्तों के मन में श्रद्धा और भक्ति का संचार करने वाली है। मूर्तिकार शंकर पाल ने मां दुर्गा की प्रतिमा तैयार की है। पंडाल की सजावट का कार्य मोहम्मद शाहीद डेकोरेशन द्वारा किया गया है, जबकि रोशनी का प्रबंध अमर पाल और चांद इलेक्ट्रॉनिक्स ने किया है। इस बार पंडाल आकर्षक सज्जा और रोशनी से श्रद्धालुओं को विशेष रूप से आकर्षित करेगा।

## बिनायक एन्क्लेव में दुर्गा पूजा पंडाल का उद्घाटन सम्पन्न



**कोलकाता, समाज्ञा :** बिनायक एन्क्लेव दुर्गा पूजा समिति द्वारा आयोजित उद्घाटन कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ. एन्क्लेव में दुर्गा पूजा आयोजन का यह 23 वां वर्ष है। बिनायक एन्क्लेव के पूजा आयोजन के इस लम्बे सफर में नई पीढ़ी, नया उत्साह और नये विचार जोड़े गए। उद्घाटन शंखनाद में दीप प्रज्वलित कर बराहनगर की विधायक सायंतिका बनर्जी एवं स्थानीय पार्षद बराहनगर म्युनिसिपेलिटी के उपाध्यक्ष दिलीप नारायण बोस ने किया। इस मौके पर उपस्थित थे सोसाइटी के अध्यक्ष कौस्तभ घोष, पूजा कमिटी के सचिव अमित कुमार भादुड़ी, सोसाइटी और पूजा कमिटी के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य व एन्क्लेव के सैकड़ों परिवार। इस अवसर पर जरुरतमंदो में वस्त्र वितरण, सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रतियोगिता और प्रसाद का आयोजन किया गया, जिसमें एन्क्लेव की महिलाओं ने भी अपना पूरा योगदान दिया। इस अवसर पर उद्घाटनकर्ता और अन्य अतिथितियों ने अपने विचार रखें और सफल आयोजन के लिए कमिटी के सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## न्यूज इन ब्रीफ

### जनवरी से 2,417 भारतीयों को अमेरिका से निर्वासित किया गया

**नयी दिल्ली :** विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि जनवरी से अब तक 2,400 से अधिक भारतीयों को अमेरिका से स्वदेश वापस भेजा गया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत अवैध प्रवासन के खिलाफ है और लोगों की कानूनी आवाजाही को बढ़ावा देना चाहता है। उन्होंने कहा, ''जनवरी से अब तक 2,417 भारतीयों को अमेरिका से निर्वासित किया गया या स्वदेश वापस भेजा गया।'' जायसवाल ने एक सवाल के जवाब में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, ''हम प्रवासन के कानूनी माध्यमों को बढ़ावा देना चाहते हैं। साथ ही, भारत अवैध प्रवासन के खिलाफ है।

### मणिपुर, नगालैंड, अरुणाचल के कुछ हिस्सों में अफस्पा की अवधि छह महीने के लिए बढ़ाई गई

**नयी दिल्ली :** मणिपुर में कानून–व्यवस्था की मौजूदा स्थिति को देखते हुए 13 पुलिस थानों के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों को छोड़कर राज्य के बाकी हिस्सों में सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम (अफस्पा) की अवधि शुक्रवार को छह महीने के लिए बढ़ा दी गई। एक सरकारी अधिसूचना से यह जानकारी मिली है। अफस्पा के तहत किसी विशेष राज्य या उसके कुछ क्षेत्रों को अशांत घोषित किया जाता है। केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से जारी अधिसूचना के मुताबिक, नगालैंड के नौ जिलों और राज्य के पांच अन्य जिलों के 21 पुलिस थाना क्षेत्रों में भी अफस्पा की अवधि छह महीने के लिए बढ़ा दी गई है। अधिसूचना में कहा गया है कि यह कानून अरुणाचल प्रदेश के तिरप, चांगलांग और लोंगडिंग जिलों के अलावा असम से सटे राज्य के नामसाई जिले के तीन पुलिस थाना क्षेत्रों में भी लागू कर दिया गया है।

### भाजपा का दूसरा नाम 'पेपर चोर', उत्तराखंड के युवाओं के साथ मजबूती से खड़ा हूं: राहुल

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने उत्तराखड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूकेएसएसएससी) की परीक्षा के कथित पेपर लीक को लेकर शुक्रवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का दूसरा नाम 'पेपर चोर' है। उन्होंने कहा कि वह इस लड़ाई में उत्तराखंड के युवाओं के साथ मजबूती से खड़े हैं। राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''आज भाजपा का दूसरा नाम है – पेपर चोर। देशभर में बार–बार होने वाले पेपर लीक ने करोड़ों मेहनती युवाओं की ज़िंदगी और सपनों को तबाह कर दिया है। उत्तराखंड का उत्तराखंड एसएससी पेपर लीक इसका ताज़ा उदाहरण है। लाखों युवाओं ने दिन–रात मेहनत की, लेकिन भाजपा ने चोरी से उनकी पूरी मेहनत पर पानी फेर दिया।''

### अहमदाबाद विमान हादसे की स्वतंत्र जांच के लिए उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय में एक याचिका दायर कर 12 जून को हुए एअर इंडिया विमान हादसे की अदालत की निगरानी में स्वतंत्र जांच किए जाने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। अहमदाबाद से लंदन के गैटविक हवाई अड्डा जा रहा एअर इंडिया का बोइंग 787–8 विमान 12 जून को उड़ान भरने के कुछ सेकेंड बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। हादसे में कुल 260 लोगों की मौत हो गई थी, जिनमें विमान में सवार 230 में से 229 यात्री और चालक दल के सभी 12 सदस्य शामिल थे। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने इस याचिका को समान अनुरोध वाली एक लंबित अर्जी के साथ संलग्न कर दिया। पीठ ने याचिकाकर्ता, दिल्ली विश्वविद्यालय के शोध छात्र और अधिवक्ता अखिलेश कुमार मिश्रा से कहा कि वह याचिका की प्रति अटॉर्नी जनरल और सॉलिसिटर जनरल को उपलब्ध कराएं। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव शकधर ने कहा कि उनके मुवक्किल इस हादसे की निष्पक्ष जांच का अनुरोध रहे हैं।

# मिग-21 ने भारतीय आसमान में आखिरी बार उड़ान भरी, राजनाथ ने इसे 'राष्ट्रीय गौरव' बताया



**चंडीगढ़ :** छह दशकों से भी अधिक समय से भारतीय वायुसेना के लड़ाकू बेड़े की ताकत रहे प्रसिद्ध लड़ाकू विमान मिकोयान–गुरेविच मिग–21 ने शुक्रवार को अंतिम बार भारतीय आकाश में उड़ान भरी और इसकी विदाई इतिहास और स्मृतियों में दर्ज हो गई। इस मौके पर सूरज चमक रहा था, आसमान साफ और चमकदार नीला था, जो 1960 के दशक में भारतीय वायुसेना में शामिल किए गए रूसी मूल के युद्धक विमान को भव्य विदाई देने के लिए एक आदर्श नजारा था। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मिग–21 को एक शक्तिशाली विमान और राष्ट्रीय गौरव बताते हुए कहा कि इस विमान के प्रति गहरा लगाव है, जिसने हमारे आत्मविश्वास को आकार दिया है। मंत्री ने कहा, ''मिग–21 केवल एक विमान या मशीन ही नहीं है, बल्कि यह भारत–रूस के मजबूत संबंधों का प्रमाण भी है।'' सिंह ने समारोह में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा, ''सैन्य विमानन का इतिहास अद्भुत है। मिग–21 ने हमारी सैन्य विमानन यात्रा में कई गौरवपूर्ण क्षण जोड़े।'' उन्होंने कहा, ''विश्व के सैन्य विमानन के इतिहास में इतनी बड़ी संख्या में कोई लड़ाकू विमान नहीं बनाया गया है।'' सिंह ने कहा कि विश्व में 11,500 से अधिक मिग–21 विमान बनाये गये और उनमें से 850 लड़ाकू विमान भारतीय वायुसेना का हिस्सा बने। उन्होंने कहा, ''यह संख्या इस विमान की लोकप्रियता, विश्वसनीयता और बहुआयामी क्षमता का प्रमाण है।'' उन्होंने पाकिस्तान के साथ 1971 के युद्ध, 1999 के कारगिल संघर्ष और 2019 के बालाकोट हवाई हमलों में इस विमान की भूमिका को याद किया। उन्होंने कहा कि इतिहास में ऐसे कई मौके आए हैं जब मिग–21 ने अपनी निर्णायक क्षमता साबित की है। इस मौके पर राजनाथ सिंह के अलावा वायुसेना के पूर्व प्रमुख ए वाई टिपनिस, एस पी त्यागी और बी एस धनोआ तथा वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला भी मौजूद थे।

### मिग–21 केवल विमान या मशीन नहीं, बल्कि भारत–रूस संबंधों का प्रमाण है : राजनाथ सिंह

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि मिग–21 केवल एक विमान या मशीन नहीं, बल्कि यह भारत और रूस के बीच मजबूत संबंधों का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि मिग–21 की 60 साल से अधिक की यात्रा बेजोड़ है। उन्होंने कहा कि इस विमान ने दशकों तक देश की सुरक्षा का भार अपने पंखों पर उठाये रखा और ''हमारे आत्मविश्वास को बढ़ाया तथा हमारी रणनीति को मजबूत किया।''

# चेक बाउंस के लंबित मामलों में कमी लाने के लिए शीर्ष अदालत ने किये दिशा–निर्देशों में बदलाव

**नयी दिल्ली :** प्रमुख शहरों की जिला अदालतों में 'बहुत अधिक संख्या में' 'चेक बाउंस' के मामलों के लंबित रहने पर चिंता व्यक्त करते हुए उच्चतम न्यायालय ने उन्हें कम करने के लिए नए दिशानिर्देश जारी किए हैं, जिनमें स्वैच्छिक समझौता और आरोपियों की परिवीक्षा (प्रोबेशन) पर रिहाई शामिल है। न्यायमूर्ति मनमोहन और एन. वी. अंजारिया की पीठ ने, चेक बाउंस मामलों की सुनवाई करते हुए–जहां मुंबई उच्च न्यायालय ने ज़िला अदालतों के समान निष्कर्ष को पलटते हुए आरोपियों को रिहा कर दिया था–परक्राम्य लिखत (एनआई) अधिनियम के तहत अपराधों के शमन/समझौते से संबंधित 15 साल पुराने दिशा–निर्देशों में बदलाव किया। खंडपीठ ने कहा कि यह न्यायालय इस तथ्य का न्यायिक संज्ञान लेता है कि विभिन्न निर्णयों में इस अदालत द्वारा बार–बार दिए गए निर्देशों के बावजूद भारत के प्रमुख महानगरों के जिला न्यायालयों में एनआई अधिनियम के तहत चेक बाउंस के लंबित मामलों की संख्या अब भी बहुत अधिक बनी हुई है। राष्ट्रीय न्यायिक डेटा ग्रिड के आंकड़ों का हवाला देते हुए खंडपीठ ने कहा कि एक सितंबर तक दिल्ली की जिला अदालतों में एनआई अधिनियम की धारा 138 के तहत लंबित मामले 6,50,283 थे, मुंबई जिला अदालतों में 1,17,190 और कलकत्ता जिला अदालतों में 2,65,985 थे। शीर्ष अदालत ने कहा, ''ये लंबित मामले न्यायिक प्रणाली पर अभूतपूर्व दबाव डाल रहे हैं, क्योंकि कुछ राज्यों में एनआई अधिनियम की धारा 138 के तहत मामले अधीनस्थ अदालतों में लंबित मामलों का लगभग 50 प्रतिशत है (दिल्ली में एनआई अधिनियम की धारा 138 के तहत मामले निचली अदालत में लंबित कुल मामलों का 49.45 प्रतिशत है)।''

## तमिलनाडु के कर के पैसों से चलता है उत्तर प्रदेश: तमिलनाडु के मंत्री टीआरबी राजा



**चेन्नई :** राज्य के उद्योग मंत्री टी.आर.बी. राजा ने दावा किया कि उत्तर प्रदेश तमिलनाडु द्वारा केंद्र को दी गयी कर की रकम से चलता है और यह सच्चाई है। राजा ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में एक सवाल के जवाब में कहा, उत्तर प्रदेश को पैसा कहां से मिला? क्या यह आंतरिक विकास है? हमने सभी क्षेत्रों में प्रगति की है और देश के कुल कारखाना श्रमिकों में से 15 प्रतिशत तमिलनाडु में हैं। उन्होंने आगे कहा, लगभग 11.32 लाख करोड़ रुपये का निवेश प्राप्त हुआ है। पिछले 3–4 वर्षों में ही लगभग 35 लाख रोजगार के अवसर सृजित हुए हैं और यह केंद्र सरकार के आंकड़ों तथा अर्थव्यवस्था में तेजी के अनुसार है। राजा ने कहा कि जब राष्ट्रीय विकास दर 6–7 प्रतिशत है, तब तमिलनाडु में 11.19 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

## बरेली में जुमे की नमाज पढ़ने आई भीड़ ने की तोड़फोड़, पुलिस ने किया लाठीचार्ज



**बरेली :** उत्तर प्रदेश के बरेली में शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद एक मस्जिद के बाहर एकत्र स्थानीय लोगों और पुलिस के बीच झड़प हो गई। पुलिस ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि स्थानीय धर्मगुरु और इत्तेहाद–ए–मिल्लत काउंसिल के प्रमुख मौलाना तौकीर रजा के आह्वान पर कई प्रदर्शनकारी 'आई लव मोहम्मद' अभियान के समर्थन में मस्जिद के बाहर एकत्र हुए थे। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार की नमाज के बाद कोतवाली क्षेत्र में स्थित मौलाना तौकीर के आवास के बाहर और मस्जिद के पास भारी भीड़ एकत्र हो गई। लेकिन स्थानीय अधिकारियों द्वारा अनुमति नहीं दिए जाने के कारण आखिरी समय में विरोध प्रदर्शन स्थगित किये जाने पर लोगों ने अपना गुस्सा जाहिर किया। सोशल मीडिया और टीवी समाचार चैनलों पर दिखाई गई तस्वीरों में स्थानीय लोग लाठियों से लैस पुलिस के साथ झड़प करते हुए दिखाई दे रहे हैं, जबकि वरिष्ठ अधिकारी स्थिति का जायजा लेने के लिए मौके पर पहुंच गए हैं।

## सुल्तानगंज–कटोरिया रेल लाइन का काम होगा शुरू, शिव भक्तों को सौगात



**सुल्तानगंज :** भारतीय रेल ने बिहार के सुल्तानगंज–कटोरिया रेल लाइन का काम चालू करने का फैसला लिया है। इससे भागलपुर और देवघर सहित पूरे देश के शिव भक्तों को रेलगाड़ी के माध्यम से सफर करने में आसानी होगी। इस परियोजना की कुल लंबाई 74.8 किलोमीटर है और यह असरगंज, तारापुर और बेलहर के रास्ते में पड़ती है। इस प्रस्तावित रेल खंड में सुल्तानगंज और कटोरिया के साथ–साथ असरगंज, तारापुर, बेलहर, श्रीनगर और सूयाबथान में ठहराव दिया गया है। कटोरिया एक जंक्शन स्टेशन बनेगा, अभी कटोरिया स्टेशन बांका–जसीडीह रेल लाइन पर पड़ता है। परियोजना के पूरा हो जाने पर प्रतिवर्ष लाखों श्रद्धालुओं के जल लेकर देवघर तक जाने में आसानी होगी। पूरी परियोजना पर नवीनतम अनुमानों के मुताबिक लगभग 1261 करोड़ रुपये की लागत आएगी।अभी सुल्तानगंज से देवघर की दूरी वाया भागलपुर,बांका,कटोरिया लगभग 131 किलोमीटर है जो नई लाइन के बन जाने के बाद घटकर लगभग 101 किलोमीटर हो जाएगी जिससे सुल्तानगंज और देवघर के बीच कनेक्टिविटी और भी बेहतर होगी।

## भारतीय नौसेना ने सेना के साथ किया संयुक्त जल–थल अभ्यास 'जल प्रहार'



**विशाखापत्तनम :** भारतीय नौसेना ने सेना के साथ समन्वय में द्विवार्षिक संयुक्त जल–थल अभ्यास 'जल प्रहार' का सफलतापूर्वक संचालन किया है। पूर्वी नौसेना कमान की एक आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस अभ्यास का उद्देश्य भारत के पूर्वी समुद्र तट पर जल–थल संचालन में अंतर–सेवा तालमेल, अभियानगत योजना और कार्यान्वयन को बढ़ाना है। बृहस्पतिवार देर रात जारी विज्ञप्ति में कहा गया, ''भारतीय नौसेना ने भारतीय सेना के साथ निकट समन्वय में आयोजित द्विवार्षिक संयुक्त अभ्यास जल प्रहार को सफलतापूर्वक संपन्न किया।'' यह अभ्यास दो चरणों, बंदरगाह चरण और समुद्री चरण में आयोजित किया गया और 16 से 23 सितंबर तक जारी रहा। पांच दिवसीय बंदरगाह चरण 16 से 20 सितंबर तक जारी रहा जिसमें आईएनएस घड़ियाल पर सेना के जवानों को शामिल करने और उन्हें एकीकृत करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। इसी तरह 21 से 23 सितंबर तक समुद्री चरण में जल–थलचर अभियानों का निष्पादन किया गया, जिसमें काकीनाडा में आपात स्थितियों में समुद्र तट पर पहुंचना, मानक संचालन प्रक्रियाओं और संयुक्त प्रशिक्षण प्रोटोकॉल का सत्यापन आदि शामिल थे।

## बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में राजग फिर से सरकार बनाएगा: चिराग पासवान



**नयी दिल्ली :** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) नेता और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने शुक्रवार को कहा कि बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) फिर से सरकार बनाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य अगले पांच वर्षों तक विकास के पथ पर आगे बढ़ेगा। केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री पासवान विश्व खाद्य भारत 2025 शिखर सम्मेलन के दूसरे दिन 'बिहार में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में अवसर' विषय पर आयोजित ज्ञान सत्र के अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, मुझे विश्वास है कि राजग बिहार में फिर से सत्ता में आएगा... हम नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं। उनके नेतृत्व में ही राज्य अगले पांच साल तक विकास के पथ पर आगे बढ़ेगा। बिहार विधानसभा चुनाव नवंबर में होने की उम्मीद है। भाजपा, जद (यू) और लोजपा (रामविलास) राजग का हिस्सा हैं। पासवान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार बिहार के विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

## केंद्र ने बाढ़ प्रभावित तीन राज्यों के 27 लाख किसानों को पीएम-किसान के तहत 540 करोड़ रुपये दिए

**नयी दिल्ली :** केंद्र सरकार ने शुक्रवार को तीन बाढ़ प्रभावित राज्यों – हिमाचल प्रदेश, पंजाब और उत्तराखंड के 27 लाख किसानों को पीएम–किसान योजना के तहत 540 करोड़ रुपये से अधिक की राशि जारी की। पीएम–किसान योजना एक केंद्रीय योजना है, जिसे प्रधानमंत्री ने फरवरी 2019 में भूमिधारक किसानों की वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए शुरू किया था। इस योजना के तहत, प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से किसानों के आधार से जुड़े बैंक खातों में तीन समान किस्तों में हर साल 6,000 रुपये दिए जाते हैं। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, ''केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम–किसान) योजना की 21वीं किस्त जारी करने की घोषणा की।'' यह किस्त विशेष रूप से हिमाचल प्रदेश, पंजाब और उत्तराखंड के किसानों के लिए प्राथमिकता पर जारी की गई, जो हाल में आई बाढ़ और भूस्खलन से बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। केंद्र ने हिमाचल प्रदेश के 8,01,045 किसानों को 160.21 करोड़ रुपये हस्तांतरित किए। पंजाब के 11,09,895 किसानों को 221.98 करोड़ रुपये मिले, जबकि उत्तराखंड के 7,89,128 किसानों को 157.83 करोड़ रुपये मिले।

## प्रवासी मजदूरों के बच्चों के लिए ओएनजीसी ने इनोवेशन मोबाइल स्कूल– आपके द्वार की शुरुआत की

### गुरुग्राम/एनसीआर की झुग्गी बस्तियों में रहने वाले वंचित बच्चों को मिलेगा लाभ



**गुरुग्राम :** देश की प्रमुख तेल और गैस कंपनी ओएनजीसी ने समावेशी शिक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए अपनी कारपोरेट सोशल रिस्पांशिबिलिटी (सीएसआर) पहल के तहत 'इनोवेशन मोबाइल स्कूल–स्कूल आपके द्वारळ परियोजना की शुरुआत की है। इसका उद्देश्य गुरुग्राम/एनसीआर की झुग्गी बस्तियों में रहने वाले प्रवासी मजदूरों के वंचित बच्चों को उनके दरवाजे पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है।इस मोबाइल स्कूल का उद्घाटन ओएनजीसी के महाप्रबंधक (सीएसआर) द्वारा किया गया, जिन्होंने विशेष रूप से तैयार की गई 52–सीटर स्कूल बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह बस आधुनिक शिक्षण सुविधाओं जैसे डेस्क, लैपटाप, प्रोजेक्टर, मोबाइल लाइब्रेरी और अन्य आवश्यक बुनियादी ढांचे से सुसज्जित है।यह पहल उन प्रवासी मजदूरों के बच्चों की शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करने के उद्देश्य से शुरू की गई है, जिन्हें लगातार शहर के भीतर स्थानांतरण के कारण औपचारिक स्कूली शिक्षा से वंचित रहना पड़ता है।अधिकारियों ने बताया कि यह मोबाइल स्कूल गुरुग्राम के चार चयनित झुग्गी क्लस्टर्स में संचालित होगा और उन सैकड़ों बच्चों तक पहुंचेगा जिनके पास शिक्षा का कोई साधन नहीं है।

# यूपी में वजीफा से वंचित पांच लाख से अधिक छात्रों को दिवाली से पहले छात्रवृत्ति मिलेगी : आदित्यनाथ



**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि राज्य में छात्रवृत्ति से वंचित पांच लाख से अधिक विद्यार्थियों को दीपावली से पहले छात्रवृत्ति दी जाएगी। मुख्यमंत्री योगी ने शुक्रवार को यहां इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित छात्रवृत्ति वितरण समारोह में वंचित विद्यार्थियों को यह भरोसा दिया। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, अनुसूचित जाति–जनजाति के करीब पांच लाख विद्यार्थियों को संस्थान की ओर से डाटा अपलोड न करने की वजह से छात्रवृत्ति नहीं मिल पायी क्योंकि डाटा लॉक हो गया था। ऐसे विद्यार्थियों को दीपावली से पहले छात्रवृत्ति देने की तैयारी की गई है। योगी आदित्यनाथ ने कहा, छात्रवृत्ति से वंचित सभी विद्यार्थियों को दीपावली से पहले उनके बैंक खातों में छात्रवृत्ति की रकम भेज दी जाएगी। वहीं जिनकी वजह से विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति नहीं मिल पायी है, उनकी भी जवाबदेही तय की जाएगी ताकि आने वाले समय में ऐसी त्रुटि न हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले छात्रवृत्ति वितरित की जाती थी, लेकिन छात्र के खाते में पहुंचती नहीं थी क्योंकि इसमें मनमानी होती थी। उन्होंने कहा कि पहले जो छात्रवृत्ति विद्यार्थियों को सितंबर–अक्टूबर में प्राप्त होनी चाहिए थी, वह उन्हें मार्च–अप्रैल तक मिलती थी और इसमें भी भेदभाव होता था। उन्होंने दावा किया कि वर्ष 2016 में अनुसूचित–जनजाति के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति ही नहीं दी गई। उन्होंने कहा,'' जब वर्ष 2017 में हमारी सरकार आई, तो हमने वर्ष 2016–17 और 2017–18 की छात्रवृत्ति प्रदेश के विद्यार्थियों को प्रदान की।''

### बिहार चुनाव के लिए केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की 350–400 कंपनी तैनात की जाएंगी

**नयी दिल्ली :** बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) और अन्य राज्य पुलिस की लगभग 350–400 कंपनी को तैनात किए जाने की उम्मीद है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एक सीएपीएफ कंपनी में लगभग 70–80 कर्मी होते हैं। निर्वाचन आयोग द्वारा बिहार विधानसभा (243 सदस्यीय) चुनाव की तारीखों की घोषणा अक्टूबर के प्रारंभ में किए जाने की उम्मीद है। तैनात की जाने वाली कंपनी को बिहार आने के लिए प्रक्रिया शुरू करने को कहा गया है। अधिकारियों ने 'पीटीआई–भाषा' को बताया कि इन कंपनी में अंतरराष्ट्रीय सीमाओं की रक्षा करने वाले बलों की इकाइयां शामिल हैं।

**दक्षिण पूर्व रेलवे, निविदा**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से और उनके लिए, मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.), दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर-721301 निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं, जिन्हें मदों के सामने उल्लिखित तिथि को 15:00 बजे से पहले जमा किया जाना है और 15:30 बजे खोली जाएगी: **क्रमांक; निविदा संख्या; कार्य का विवरण; निविदा मूल्य और बयाना राशि** क्रमशः (1); ई-केजेपी-साउथ-51-2025; सीनियर डीईएन (दक्षिण)/खड़गपुर के अंतर्गत खड़गपुर-भद्रक सेक्शन में 60.250 ट्रैक किमी का शैलो स्क्रीनिंग और सेस कटिंग (दूसरी कॉल); ₹ 2,41,85,047.45; ₹ 2,70,900.00। (2); ई-केजेपी-साउथ-52-2025; एडीईएन/बालासोर के अधिकार क्षेत्र में नुआगां मयूरभंज रोड-भद्रक सेक्शन में यार्डों का सुधार और 60 किग्रा रेल की शेड्यूल पेंटिंग; ₹ 2,49,77,910.67; ₹ 2,74,900.00; (3); ई-केजेपी-ईस्ट-60-2025; डीईएन/ईस्ट/खड़गपुर के अधिकार क्षेत्र में निम्नलिखित कार्यों का निष्पादन: (i) पांशकुड़ा (पीकेयू) गुड्स शेड के बुनियादी ढांचे का आधुनिकीकरण/उन्नयन (ii) पूरी लंबाई की ट्रेन को समायोजित करने के लिए मेचदा (एमसीए) स्टेशन पर प्लेटफार्म संख्या 3 और 4 का विस्तार और मौजूदा टॉवर वैगन शेड का निर्माण/प्रतिस्थापन और (iii) शालीमार, संतरागाछी, मेचदा और पांशकुड़ा पार्सल स्थानों पर पार्सल पाथवे का विकास; ₹ 8,32,71,969.86; ₹ 5,66,400.00; (4); ई-केजेपी-मुख्यालय-42-2025; एडीईएन/तमलुक के अधिकार क्षेत्र में तमलुक-दीघा सेक्शन पर पुल संख्या 26 (महत्वपूर्ण पुल) और पुल संख्या 83 (प्रमुख पुल) का सुधार और नवीनीकरण; ₹ 3,55,14,120.48; ₹ 3,27,600.00; (5); ई-केजेपी-वेस्ट-41-2025; डीईएन/वेस्ट/खड़गपुर के अंतर्गत गर्डर ब्रिज पर एच-बीम स्लीपर पर लॉक नट का प्रावधान; ₹ 1,99,84,872.96; ₹ 2,49,900.00; (6); ई-केजेपी-वेस्ट-42-2025; एडीईएन/वेस्ट/खड़गपुर के अधिकार क्षेत्र में एसएसई/पी.वे/खड़गपुर के सेक्शन में ट्रैक को मजबूत करने और रखरखाव के लिए पी. वे कार्य एवं अन्य विविध कार्य; ₹ 1,71,17,847.68; ₹ 2,35,600.00; (7); ई-केजेपी-वेस्ट-43-2025; एडीईएन/वेस्ट/खड़गपुर के अधिकार क्षेत्र में एसएसई/पी.वे/केएएफ के सेक्शन में ट्रैक को मजबूत करने और रखरखाव के लिए पी. वे कार्य एवं अन्य विविध कार्य; ₹ 1,49,88,441.78; ₹ 2,25,000.00; (8); ई-केजेपी-वेस्ट-44-2025; एडीईएन/वेस्ट/खड़गपुर के अधिकार क्षेत्र में एसएसई/पी.वे/एमवाईडी के सेक्शन में ट्रैक को मजबूत करने और रखरखाव के लिए पी. वे कार्य एवं अन्य विविध कार्य; ₹ 1,39,33,679.44; ₹ 2,19,700.00; (9); ई-केजेपी-ईस्ट-61-2025; डीईएन/ईस्ट/खड़गपुर के अधिकार क्षेत्र में निम्नलिखित कार्यों का निष्पादन: (i) एडीईएन/शालीमार के अंतर्गत ओवर रन लाइन, डेड एंड और सैंड हम्प का सुधार और मानकीकरण, (ii) आन्दुल -पांशकुड़ा: 23 किमी के लिए थ्रू फास्टनिंग नवीनीकरण और (iii) हावड़ा-खड़गपुर: एसईजे- 44 सेट और ग्लूड जॉइंट्स-774 नग का नवीनीकरण; ₹ 3,49,86,647.97; ₹ 3,24,900.00; **निविदा दस्तावेज लागत:** ₹ 0.00 (सभी निविदाओं के लिए); **खुलने की तिथि:** 16.10.2025 (क्रमांक 1 से 4 के लिए), 22.10.2025 (क्रमांक 5 से 8 के लिए) और 23.10.2025 (क्रमांक 9 के लिए); **कार्य पूर्णता अवधि:** 18 महीने (क्रमांक 3 के लिए) और 12 महीने (शेष क्रमांकों के लिए); **बोली लगाने की प्रारंभिक तिथि:** क्रमांक 1 से 4 के लिए 02.10.2025 से और 16.10.2025 को 15:00 बजे तक; **बोली लगाने की प्रारंभिक तिथि:** क्रमांक 5 से 8 के लिए 08.10.2025 से और 22.10.2025 को 15:00 बजे तक; **बोली लगाने की प्रारंभिक तिथि:** क्रमांक 9 के लिए 09.10.2025 से और 23.10.2025 को 15:00 बजे तक। इच्छुक निविदाकर्ता निविदाओं के पूर्ण विवरण/कार्य विवरण/विशिष्टताओं के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जा सकते हैं और अपनी बोली ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इन कार्यों के लिए किसी भी स्थिति में मैनुअल निविदाएं स्वीकार नहीं की जाएंगी। **नोट:** संभावित बोली लगाने वाले सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए नियमित रूप से "www.ireps.gov.in" पर जा सकते हैं।।

(PR-671)

**पूर्व रेलवे**

निविदा सूचना सं.: एसजी.टेंडर/डीएसटीई/एसडीएएच/574, दिनांक 26.09.2025; सीनि. डीएसटीई, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, कैजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **ई-निविदा सं.: डीएसटीई/टेली/टी/11/25-26/एसएफ, आरआरएसके ; कार्य का नाम साथ में उसका स्थान:** कृष्णनगर सिटी जंक्शन-लालागोला अनुभाग में एल.सी. गेट सं.: 85/ई, 87/ई, 113/ई, 116/ई, 117/ई, 118/ई, 143/ई पर आरसीसी यू-ट्राफ द्वारा अच्छादित छत के साथ आरसीसी बॉक्सों द्वारा सीमित ऊंचाई के सबवे के निर्माण द्वारा मानव युक्त/मानव रहित लेवल क्रॉसिंग (एलसी) गेटों के उन्मूलन के संबंध में दूरसंचार कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 1,00,85,925.01; **जमा की जाने वाली बयाना राशि/बोली सुरक्षा:** रु. 2,00,400; **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **कार्य समापन अवधि:** 06 महीने। **निविदा जमा शुरू होने की तारीख:** 10.10.2025; **निविदा जमा करने की अंतिम तारीख:** 24.10.2025 को अपराह्न 2.00 बजे तक। **निविदा बोली खुलने की तारीख:** 24.10.2025 को अपराह्न 2.30 बजे। विस्तृत विवरण: www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। **पात्रता के तकनीकी मानदंड:** निविदादाताओं द्वारा पिछले 07 (सात) वर्षों के दौरान, निविदा आमंत्रित किए जाने वाले माह से पहले महीने के अंतिम दिन तक, नीचे उल्लेखित श्रेणियों में से किसी भी एक कार्य को सफलतापूर्वक पूरा अथवा काफी हद तक सम्पन्न किया होना चाहिए: (i) समतुल्य प्रकृति के तीन कार्य, प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 30% की बराबर रकम से कम नहीं होनी चाहिए अथवा (ii) समतुल्य प्रकृति के दो कार्य, प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 40% की बराबर रकम से कम नहीं होनी चाहिए अथवा (iii) समतुल्य प्रकृति का एक कार्य, जिसकी लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60% की बराबर रकम से कम नहीं होनी चाहिए। **पात्रता के वित्तीय मानदंड:** निविदादाता द्वारा वी/एन अथवा 'वी' जो कम हो का न्यूनतम औसत वार्षिक अनुबंधकीय कारोबार किया होना चाहिए, जहां वी=निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में, एन=कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या, जिसके लिए बोली आमंत्रित की गई है। औसत वार्षिक अनुबंधकीय कारोबार की गणना लेखा परीक्षित तुलन पत्र के अनुसार पिछले तीन वित्त वर्षों में "कुल अनुबंधकीय भुगतान" के औसत के रूप में किया जाएगा। हालांकि, पिछले वर्ष के तुलन पत्र के तैयार होना/लेखा परीक्षण होना बाकी रहने की स्थिति में औसत वार्षिक अनुबंधकीय कारोबार की गणना के लिए पिछले चौथे वर्ष के लेखा परीक्षित तुलन पत्र पर विचार किया जाएगा। निविदादाताओं को जीसीसी 2022 के अनुलग्नक-VIबी (इस निविदा दस्तावेज का प्रपत्र-6) के अनुसार अपेक्षित जानकारी के साथ चार्टर्ड एकाउंटेंट द्वारा भलीभांति सत्यापित लेखा परीक्षित तुलनपत्र/लेखा परीक्षित तुलन पत्र के साथ भलीभांति समर्थित चार्टर्ड एकाउंटेंट से प्रमाणपत्र जमा करना होगा। **जमा किए जाने वाले अन्य दस्तावेज:** जैसा कि निविदा दस्तावेज में उल्लेखित है। **समतुल्य प्रकृति का कार्य:** सिग्नल अथवा टेलीकॉम केबलों की गड्ढे की खुदाई, बिछाना एवं परीक्षण अथवा अन्य कोई भी विविध आउटडोर एस एंड टी कार्य सम्मिलित कोई भी सिग्नल अथवा टेलीकॉम कार्य। **टिप्पणी:** निविदादाता को निविदा प्रस्ताव के साथ निविदा दस्तावेज में यथा उल्लेखित पात्रता के मानदंडों को पूरा करने के अपने दावे के समर्थन में दस्तावेज जमा करने होंगे। निविदादाता द्वारा अनुशंसापत्रों के समर्थन में जमा किए गए दस्तावेज/प्रमाणपत्रों की प्रतिलिपियों के प्रत्येक पृष्ठ पर निविदादाता अथवा निविदाकारी प्रतिष्ठान के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा स्वयं सत्यापित/डिजिटली हस्ताक्षर होना चाहिए। स्वयं सत्यापन में हस्ताक्षर, मुहर तथा तारीख (प्रत्येक पृष्ठ पर) शामिल होना चाहिए।

(SDAH-213/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## भारत ने विशेष ओलंपिक एशिया पैसिफिक बैडमिंटन में चार पदक जीते

**नयी दिल्ली :** भारत ने कुआलालंपुर में विशेष ओलंपिक एशिया पैसिफिक बैडमिंटन टूर्नामेंट में विभिन्न स्पर्धाओं में एक स्वर्ण और तीन रजत पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। विशेष ओलंपिक भारत की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार चनवी शर्मा ने 16 से 20 सितंबर तक आयोजित की गई चैंपियनशिप में महिला एकल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता और अपनी जोड़ीदार सुजीता सुकुमारन के साथ मिलकर महिला युगल में रजत पदक हासिल किया। अंकित दलाल ने पुरुष एकल में रजत पदक और अमल बिजू के साथ मिलकर पुरुष युगल में एक और रजत पदक जीतकर अपने पदकों की संख्या दोगुनी कर दी। मलेशिया में भारत के उच्चायुक्त बी एन रेड्डी ने भी समापन समारोह में खिलाड़ियों से मुलाकात कर उन्हें बधाई दी। इस प्रतियोगिता में 10 देशों के 80 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

## सिर्फ 28 सितंबर का नतीजा मायने रखेगा : भारत के खिलाफ फाइनल पर बोले पाकिस्तान के मुख्य कोच हेसन

दुबई : एशिया कप में भारत के हाथों दो शर्मनाक पराजय झेलने के बावजूद पाकिस्तान के मुख्य कोच माइक हेसन का मानना है कि अब सब सिर्फ फाइनल का नतीजा मायने रखता है जिसमें टूर्नामेंट में 41 साल में पहली बार चिर प्रतिद्वंद्वी आमने सामने होंगे। भारत ने ग्रुप लीग मैच में पाकिस्तान को सात विकेट से और सुपर 4 में छह विकेट से हराया। बांग्लादेश को 11 रन से हराने के बाद हेसन से जब पूछा गया कि रविवार के फाइनल के लिये उन्होंने खिलाड़ियों को क्या संदेश दिया है तो उन्होंने कहा ,'' हमें पता है कि हम 14 सितंबर को और 21 सितंबर को खेले थे। लेकिन अब सिर्फ एक ही मैच मायने रखता है और वह है फाइनल। हमारा फोकस उसी पर है। हम सही समय पर अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाने की कोशिश करेंगे।''

# सुपर 4 में अजेय रहकर फाइनल में पहुंचा भारत, श्रीलंका को सुपर ओवर में हराया



**दुबई :** एशिया कप में भारत ने श्रीलंका को रोमांचक सुपर ओवर में हराकर लगातार छठी जीत दर्ज की। सलामी बल्लेबाज पाथुम निसांका के आक्रामक शतक ने भारतीय गेंदबाजों को दबाव में ला दिया, लेकिन निर्णायक क्षणों में अर्शदीप सिंह ने अपने शानदार प्रदर्शन से मैच का रुख भारत की ओर मोड़ दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 202 रन बनाए। युवा सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने एक बार फिर शानदार फॉर्म दिखाते हुए 31 गेंद पर 61 रन बनाए जिसमें आठ चौके और दो छक्के शामिल थे। यह उनका टूर्नामेंट में लगातार तीसरा अर्धशतक था। तिलक वर्मा ने नाबाद 49 रन और संजू सैमसन ने 22 गेंद पर 39 रन की तेज पारी खेली। कप्तान सूर्यकुमार यादव (12) और शुभमन गिल (4) जल्दी आउट हो गए, लेकिन मध्यक्रम ने संभलकर खेलते हुए भारत को टूर्नामेंट का सर्वोच्च स्कोर दिलाया। जवाब में श्रीलंका की शुरुआत खराब रही जब हार्दिक पंड्या ने कुसल मेंडिस को पहले ही ओवर में आउट कर दिया। इसके बाद निसांका और परेरा ने आक्रामक बल्लेबाजी कर मैच को रोमांचक बना दिया। दोनों ने 12 ओवर से कम में 128 रन जोड़ दिए। परेरा 58 रन बनाकर वरूण चक्रवर्ती की गेंद पर स्टम्प हो गए। निसांका ने 52 गेंदों में शतक पूरा किया और अपनी पारी में सात चौके व छह छक्के लगाए। अंतिम ओवर में श्रीलंका को 12 रन चाहिए थे। हर्षित राणा की आखिरी गेंद पर तीन रन की दरकार थी लेकिन दासुन शनाका केवल दो रन ही ले पाए और मैच सुपर ओवर में चला गया। सुपर ओवर में अर्शदीप सिंह ने शानदार गेंदबाजी करते हुए केवल दो रन दिए और दो विकेट चटकाए। भारत को तीन रन का लक्ष्य मिला जिसे कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पहली ही गेंद पर पूरा कर दिया। अब फाइनल में रविवार को भारत का सामना पाकिस्तान से होगा, जिसे भारत पहले ग्रुप और सुपर-4 चरण में हरा चुका है।

## यह दबाव लिये बिना परिस्थितियों का लुत्फ उठाने के बारे में है: हरमनप्रीत



**बेंगलुरु :** भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर को आगामी आईसीसी महिला वनडे विश्व कप से पहले प्रशंसकों की उम्मीदों के बारे में पता है लेकिन वह पहली बार खिताब जीतने के दबाव में आए बिना इस पल का लुत्फ उठाना चाहती हैं। भारत टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत 30 अक्टूबर को गुवाहाटी में श्रीलंका के खिलाफ मैच से करेगा। हरमनप्रीत ने आईसीसी द्वारा आयोजित कप्तानों की संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''मुझे लगता है कि अपने देश की कप्तानी करना किसी भी खिलाड़ी के लिए हमेशा एक खास पल होता है। वनडे विश्व कप में अपने देश की कप्तानी करना और भी खास होता है और उससे भी बढ़कर यह घरेलू विश्व कप है इसलिए यह और भी विशेष है।'' उन्होंने कहा, ''मेरा मतलब है, यह अविश्वसनीय है। जब मैंने खेलना शुरू किया था तो मैंने कभी सोचा भी नहीं था कि मुझे अपने देश की कप्तानी करने का मौका मिलेगा, यह बस एक सपना ही था।'' उन्होंने कहा, ''वनडे विश्व कप 12 साल बाद भारत में हो रहा है और मुझे लगता है कि यह हम सभी के लिए बेहद शानदार होने वाला है। हम दबाव लिये बिना इस पल का लुत्फ उठाना चाहते है।'' भारत पांच अक्टूबर को कोलंबो में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से भिड़ेगा, लेकिन हरमनप्रीत इस मैच से जुड़ी राजनीतिक बातों की चिंता करने के बजाय क्रिकेट पर ध्यान केंद्रित करना चाहती है।

## युवा एकदिवसीय: वेदांत और राहुल के अर्धशतकों से भारत अंडर-19 ने ऑस्ट्रेलिया का सूपड़ा साफ किया



**ब्रिसबेन :** मध्यक्रम के बल्लेबाज वेदांत त्रिवेदी और राहुल कुमार के अर्धशतकों और वामहस्त स्पिनर खिलान पटेल के चार विकेट की बदौलत भारत अंडर-19 टीम ने शुक्रवार को यहां ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 को 167 रनों के बड़े अंतर से हराकर तीन मैचों की युवा एकदिवसीय श्रृंखला में क्लीन स्वीप कर लिया। वेदांत (92 गेंदों पर 86 रन) और राहुल (84 गेंदों पर 62 रन) की चौथे विकेट के लिए 99 रनों की साझेदारी से भारत ने नौ विकेट पर 280 रनों का बड़ा स्कोर खड़ा किया। ऑस्ट्रेलिया ए को अच्छी शुरुआत नहीं मिली और टीम ने 39 रन पर ही तीन विकेट गंवा दिए। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज उद्धव मोहन (26 रन पर तीन विकेट) और स्पिनर खिलान पटेल (26 रन पर चार विकेट) के लगातार दबाव के कारण घरेलू टीम 28.3 ओवर में सिर्फ 113 रनों पर ढेर हो गई। भारत ने पिछले दो मैचों में मेजबान टीम को सात विकेट और 51 रनों से हराया था। इससे पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम को कप्तान आयुष म्हात्रे (चार) और आक्रामक बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी (16) के विकेट जल्दी गिरने से झटका लगा। म्हात्रे लगातार तीसरी बार दहाई के आंकड़े पर पहुंचने में नाकाम रहे।

# सूर्यकुमार पर मैच फीस का 30 प्रतिशत जुर्माना, भारत ने फैसले के खिलाफ अपील की



### रऊफ पर मैच फीस का 30 प्रतिशत जुर्माना, फरहान को मिली चेतावनी

भारत के खिलाफ एशिया कप मैच के दौरान असभ्य और आक्रामक भाव भंगिमा के लिए पाकिस्तानी तेज गेंदबाज हारिस रऊफ पर शुक्रवार को मैच फीस का 30 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया जबकि उनके साथी साहिबजादा फरहान को गोली चलाने का इशारा करके जश्न मनाने के लिए सिर्फ चेतावनी दी गई। टूर्नामेंट के सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई से कहा, '' मैच रैफरी रिची रिचर्डसन ने शुक्रवार दोपहर टीम होटल में अपनी सुनवाई पूरी की। हारिस रऊफ पर आक्रामक व्यवहार के लिए उनकी मैच फीस का 30 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया और फरहान को चेतावनी देकर छोड़ दिया गया।'' टूर्नामेंट के सूत्रों के अनुसार रऊफ और फरहान ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की सुनवाई में भारत के खिलाफ मैच के दौरान भड़काऊ भाव भंगिमा के लिए खुद को निर्दोष बताया।

**दुबई :** एशिया कप आयोजकों ने शुक्रवार को बताया कि भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव पर टूर्नामेंट में पाकिस्तान के खिलाफ ग्रुप चरण के मैच के बाद की गई टिप्पणियों के लिए मैच फीस का 30 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। भारतीय कप्तान ने इस मुकाबले के बाद दोनों देशों के बीच मई में हुए सैन्य संघर्ष का जिक्र किया था। पता चला है कि भारत ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के इस फैसले के खिलाफ अपील की है। एक सूत्र ने बताया, ''आईसीसी टूर्नामेंट के समाप्त होने तक प्रतिबंधों पर कोई आधिकारिक विज्ञप्ति जारी नहीं करेगा।'' यह विज्ञप्ति सोमवार को जारी हो सकती है, जबकि भारत और पाकिस्तान के बीच टूर्नामेंट का फाइनल रविवार को खेला जाना है। पाकिस्तान ने आईसीसी में सूर्यकुमार के खिलाफ राजनीतिक टिप्पणी करने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई थी। सूर्यकुमार ने 14 सितंबर को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान पर अपनी टीम की जीत को पहलगाम आतंकवादी हमले के पीड़ितों और भारतीय सशस्त्र बलों को समर्पित किया था। सूर्यकुमार ने खुद को निर्दोष बताया लेकिन उन्हें टूर्नामेंट के बाकी मैचों में ऐसा कोई बयान नहीं देने को कहा गया जिसे राजनीतिक माना जा सके। भारतीय कप्तान की सुनवाई आईसीसी मैच रैफरी रिची रिचर्डसन ने की। दोनों टीमों के बीच तनाव तब से चरम पर है जब भारतीय टीम ने पहलगाम पीड़ितों के प्रति एकजुटता दिखाने के लिए टॉस के समय और मैच के बाद पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ मिलाने से इनकार कर दिया था।

## राहुल, सुदर्शन के शतकों से भारत ए ने ऑस्ट्रेलिया ए को पांच विकेट से हरा श्रृंखला जीती



**लखनऊ :** लोकेश राहुल और बी साई सुदर्शन की शतकीय पारियों से भारत ए ने दूसरे अनौपचारिक टेस्ट के चौथे और आखिरी दिन शुक्रवार को यहां ऑस्ट्रेलिया ए को पांच विकेट से हराकर दो मैचों की श्रृंखला 1-0 से जीत ली। भारत ए ने जीत के लिए मिले 413 रन के लक्ष्य को अपनी दूसरी पारी में आसानी से हासिल कर लिया। यह देश के प्रथम श्रेणी इतिहास में लक्ष्य का पीछा करते छठी सबसे बड़ी जीत है। भारतीय टीम को अगले महीने वेस्टइंडीज के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला खेलनी है और राहुल की लय टीम के लिए शुभ संकेत है। दायें हाथ के इस सलामी बल्लेबाज ने 210 गेंद की पारी में 16 चौकों और चार छक्कों की मदद से नाबाद 176 रन बनाये। भारत ने दिन की शुरुआत दो विकेट पर 169 रन से आगे से की। टीम ने 189 रन पर पहुंचने के बाद मानव सुथार (पांच) का विकेट गंवा दिया। सुदर्शन हालांकि एक छोर पर डटे रहे और 172 गेंद में 100 रन की पारी के दौरान उन्होंने कप्तान ध्रुव जुरेल (56) के साथ चौथे विकेट के लिए 78 रन जोड़कर टीम को लक्ष्य के करीब ले जाने की कोशिश की। सुदर्शन ने 170 गेंदों में प्रथम श्रेणी करियर का आठवां शतक जड़कर वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी घरेलू टेस्ट मैचों के लिए अपने चयन को सही साबित किया। तेईस साल का यह बल्लेबाज शतक पूरा करने के दो गेंद बाद ही ऑस्ट्रेलिया के ऑफ स्पिनर कोरी रोचिचियोली की गेंद आउट हो गया। मैच के तीसरे दिन 74 रन के स्कोर पर रिटायर्ड हर्ट होने वाले राहुल इसके बाद क्रीज पर आये और उन्होंने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए जुरेल के साथ पांचवें विकेट के लिए 115 रन की साझेदारी की। राहुल ने 136 गेंद में शतक पूरा करने के बाद अगले 76 रन महज 74 गेंद में बनाये। जुरेल के आउट होने के बाद नीतीश कुमार रेड्डी (नाबाद) ने राहुल का अच्छा साथ देते हुए टीम को आसानी से लक्ष्य तक पहुंचा दिया।



## विदेशी मुद्रा भंडार 39.6 करोड़ डॉलर घटकर 702.57 अरब डॉलर पर

**मुंबई :** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 19 सितंबर को समाप्त सप्ताह में 39.6 करोड़ डॉलर घटकर 702.57 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इसके एक सप्ताह पहले देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 4.69 अरब डॉलर बढ़कर 702.97 अरब डॉलर हो गया था। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, 19 सितंबर को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का प्रमुख घटक मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 86.4 अरब डॉलर घटकर 586.15 अरब डॉलर रहीं। डॉलर के संदर्भ में व्यक्त विदेशी मुद्रा आस्तियों में यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं में मूल्यवृद्धि या मूल्यह्रास का प्रभाव शामिल होता है। केन्द्रीय बैंक के अनुसार, आलोच्य सप्ताह में देश का स्वर्ण भंडार 36 करोड़ डॉलर बढ़कर 92.77 अरब डॉलर हो गया।

## चांदी 1,900 रुपये बढ़कर 1.41 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के नए शिखर पर, सोना 330 रुपये चढ़ा

**नयी दिल्ली :** त्योहारों के दौरान स्टॉकिस्टों की भारी मांग के बीच शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी में चांदी की कीमतें 1,900 रुपये बढ़कर 1,41,900 रुपये प्रति किलोग्राम के नए शिखर पर पहुंच गईं, जबकि सोने में 330 रुपये की तेजी आई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी है। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमतों में तेजी आई और इसकी कीमत 330 रुपये बढ़कर 1,17,700 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई। बृहस्पतिवार को यह 1,17,370 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। स्थानीय सर्राफा बाजार में 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 400 रुपये बढ़कर 1,17,100 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया, जो पिछले सत्र में 1,16,700 रुपये प्रति 10 ग्राम था। एसोसिएशन के अनुसार, मजबूत त्योहारी मांग और हाजिर बाजार में निवेशकों की मजबूत रुचि के कारण, बृहस्पतिवार को 1,40,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई चांदी ने अपना रिकॉर्ड बनाने का सिलसिला जारी रखा।

# ट्रंप के शुल्क से दवा कंपनियों के शेयरों में गिरावट, वॉकहार्ट नौ प्रतिशत से अधिक टूटा



**नयी दिल्ली :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एक अक्टूबर से दवाओं पर 100 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने के कदम से निवेशकों की चिंता बढ़ने से शुक्रवार को दवा कंपनियों के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई। बीएसई पर वॉकहार्ट लि. के शेयर 9.40 प्रतिशत टूटे। इसके अलावा, इंडोको रेमेडीज के शेयर 5.35 प्रतिशत, जाइडस लाइफसाइंसेज के 4.21 प्रतिशत, ग्लेनमार्क फार्मा के 2.99 प्रतिशत, नैटको फार्मा के 2.65 प्रतिशत, सन फार्मा के 2.55 प्रतिशत, ल्यूपिन के 2.07 प्रतिशत, डॉ. रेड्डीज के 1.73 प्रतिशत और ऑरोबिंदो फार्मा के शेयर 0.57 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए। बीएसई हेल्थकेयर सूचकांक 2.14 प्रतिशत गिरकर 43,046.69 पर आ गया। ट्रंप ने सोशल मीडिया मंच 'ट्रुथ सोशल' पर लिखा, एक अक्टूबर, 2025 से हम किसी भी ब्रांडेड या पेटेंट-युक्त दवा उत्पाद पर तबतक 100 प्रतिशत शुल्क लगाएंगे, जब तक कि कोई कंपनी अमेरिका में अपना दवा विनिर्माण संयंत्र स्थापित न कर रही हो। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि दवा विनिर्माण का मतलब 'विनिर्माण कार्य शुरू होने या/और निर्माणाधीन' होने से होगा। इस तरह अगर अमेरिका में दवा विनिर्माण की प्रक्रिया शुरू हो गई है तो उसके दवा उत्पादों पर कोई शुल्क नहीं लगेगा। एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक (सीईओ) पोनमुडी आर ने कहा, अमेरिका द्वारा एक अक्टूबर से प्रभावी ब्रांडेड और पेटेंट-युक्त दवा उत्पादों के आयात पर 100 प्रतिशत शुल्क की घोषणा के बाद शुक्रवार को भारतीय शेयर बाजार में व्यापक बिकवाली के कारण भारी गिरावट आई।

## प्रधानमंत्री मोदी आज बीएसएनएल की देश में बनी 4जी प्रणाली करेंगे पेश

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 27 सितंबर को सार्वजनिक क्षेत्र की दूरसंचार कंपनी बीएसएनएल की 'स्वदेशी' 4जी प्रणाली को पेश करेंगे। इसकी शुरुआत के साथ ही भारत दूरसंचार उपकरण बनाने वाले डेनमार्क, स्वीडन, दक्षिण कोरिया, चीन जैसे प्रमुख देशों में शामिल हो जाएगा। दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शुक्रवार को घोषणा की कि यह दूरसंचार क्षेत्र के लिए एक नया युग है। सिंधिया ने कहा कि 27 सितंबर को ओडिशा के झारसुगुड़ा में प्रधानमंत्री 97,500 से अधिक मोबाइल 4जी टावर का उद्घाटन करेंगे। भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) द्वारा स्थापित 92,600 से अधिक मोबाइल साइट स्वदेशी 4जी प्रौद्योगिकी पर आधारित हैं। इन्हें 5जी में तब्दील किया जा सकता है। यह एक पूर्णतः स्वदेशी 4जी प्रणाली है। इसमें तेजस नेटवर्क द्वारा विकसित रेडियो एक्सेस नेटवर्क (आरएएन) शामिल है। यह सी-डीओटी द्वारा तैयार एक कोर नेटवर्क है और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज ने इसे एकीकृत किया है। बयान के अनुसार, रिलायंस जियो इन्फोकॉम और भारती एयरटेल दोनों ने 4,700 से अधिक मोबाइल 4जी टावर स्थापित किए हैं।

दूरदराज क्षेत्रों में नेटवर्क पहुंचाने की परियोजना के तहत 14,180 मोबाइल 4जी टावर को डिजिटल भारत निधि के जरिये वित्त पोषित किया गया है। ये टावर सुदूर, सीमावर्ती और वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों के 26,700 असंबद्ध गांवों को जोड़ेंगे। ये डिजिटल इंडिया के लिए एक रणनीतिक प्रवर्तक होंगे जो 20 लाख से अधिक नए ग्राहकों को सेवा प्रदान करेंगे। दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बताया कि भारत विनिर्मित प्रणाली क्लाउड-आधारित, भविष्य के लिए तैयार है और इसे आसानी से 5जी में तब्दील किया जा सकता है।

## बुनियादी ढांचा क्षेत्र में भारत ने की है जबरदस्त प्रगति: गडकरी

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को कहा कि बुनियादी ढांचा किसी भी देश की वृद्धि की रीढ़ है और भारत ने इस क्षेत्र में जबरदस्त प्रगति की है। गडकरी ने यहां 'भारत अवसंरचना शिखर सम्मेलन 2025' को संबोधित करते हुए कहा कि सड़क अवसंरचना देश में सबसे तेजी से बढ़ने वाला क्षेत्र है। इसमें पांच लाख करोड़ रुपये के निवेश से 10,000 किलोमीटर लंबे 25 नए एक्सप्रेसवे का विकास किया जा रहा है। उन्होंने कहा, ''बुनियादी ढांचा किसी भी देश की वृद्धि की रीढ़ होता है और भारत ने इस क्षेत्र में जबरदस्त प्रगति की है। हम सड़क निर्माण में शहरी कचरे का इस्तेमाल करके और हरित ईंधन, इलेक्ट्रिक वाहनों एवं 'स्क्रैपिंग' नीति को बढ़ावा देकर नवाचार कर रहे हैं।'' गडकरी ने कहा, ''हमारा दृष्टिकोण स्पष्ट है..विकास एवं पर्यावरण को साथ-साथ चलना होगा। तीन 'पी'- पीपल (लोग), प्रॉस्पेरिटी (समृद्धि) और प्लेनेट (ग्रह) के मार्गदर्शन में हमारा लक्ष्य एक सुरक्षित, हरित और वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी भारत का निर्माण करना है।''

## भारत, अमेरिका व्यापार समझौते को जल्द पूरा करने के लिए वार्ता जारी रखेंगे: मंत्रालय

नयी दिल्ली : भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हुई है। इस दौरान दोनों पक्षों ने पारस्परिक रूप से लाभकारी समझौते को जल्द ही अंतिम रूप देने के लिए वार्ता जारी रखने का फैसला किया। वाणिज्य मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के नेतृत्व में अमेरिका गया भारतीय प्रतिनिधिमंडल तीन दिनों के दौरे के बाद 24 सितंबर को स्वदेश लौट आया। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने अमेरिकी सरकार के अधिकारियों के साथ समझौते के संभावित स्वरूप को लेकर रचनात्मक बातचीत की। मंत्रालय ने कहा, दोनों पक्षों ने समझौते की संभावित रूपरेखा पर विचारों का आदान-प्रदान किया और पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार समझौते को शीघ्र पूरा करने के लिए बातचीत जारी रखने का निर्णय लिया गया।

# जीएसटी में कटौती से त्योहारों में ऑनलाइन बाजार की बिक्री बढ़ी



**नयी दिल्ली :** जीएसटी कटौती के चलते मौजूदा त्योहारों में उपभोक्ता अधिक खरीदारी कर रहे हैं। महानगरों तथा उभरते बाजारों में त्योहारी मांग 23-25 प्रतिशत तक बढ़ी है। जीएसटी के कारण इलेक्ट्रॉनिक्स जैसी महंगी श्रेणियों में कीमत कम हुई है। नवरात्रि के पहले दिन 22 सितंबर से प्रभावी जीएसटी सुधारों ने बड़े स्क्रीन वाले टीवी, मध्यम श्रेणी के फैशन और फर्नीचर सहित कई श्रेणियों में कर दरों में कमी की है। इससे उपभोक्ताओं को सीधे मूल्य लाभ मिला है। इन बदलावों ने खरीदारों को छूट की तलाश से आगे बढ़कर अधिक खरीदारी करने के लिए प्रोत्साहित किया है। इससे मझोले और छोटे शहरों से भागीदारी बढ़ी है और सोच-विचार कर किए जाने वाले खर्च में वृद्धि को बढ़ावा मिला है। बाजार शोध फर्म रेडसीर के अनुसार बड़े टीवी पर जीएसटी को 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करने से खुदरा कीमतों में 6-8 प्रतिशत की गिरावट आई है। इससे प्रीमियम मॉडल की मांग बढ़ी है। इसी तरह 2,500 रुपये से कम कीमत वाली फैशन वस्तुओं पर अब सिर्फ पांच प्रतिशत जीएसटी लग रहा है, जिससे इस परिधानों की खरीदारी को बढ़ावा मिल रहा है। इसी तरह फर्नीचर की बिक्री भी बढ़ी है। रेडसीर ने कहा, ''पहले दो दिनों की बिक्री में सालाना आधार पर 23-25 प्रतिशत की वृद्धि हुई। जीएसटी 2.0 सुधारों और त्योहारी माहौल की दोहरी ताकतों ने प्रीमियम स्मार्टफोन और टीवी की खरीदारी में तेजी ला दी।'' इसमें कहा गया कि मांग इतनी ज्यादा थी कि कुछ ऐप बहुत धीमे हो गए और ऑर्डर देने की कोशिश के कुछ ही मिनटों में क्रैश हो गए। ई-कॉमर्स दिग्गज अमेजन ने अपनी त्योहारी सेल के पहले दो दिनों में 38 करोड़ से ज्यादा ग्राहकों के आने की सूचना दी, जो इसकी अब तक की सबसे बड़ी शुरुआत थी।

## जहाज निर्माण, मरम्मत उद्योग के लिए जहाजरानी मंत्रालय की नयी योजना : सोनोवाल

**चेन्नई :** केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने शुक्रवार को कहा कि बंदरगाह और जहाजरानी मंत्रालय जहाज निर्माण और मरम्मत उद्योग के प्रबंधन और संचालन के लिए एक राष्ट्रीय जहाज निर्माण मिशन योजना लाएगा। केंद्रीय बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री ने कहा कि वर्तमान में भारत का पांच प्रतिशत निर्यात और आयात माल भारतीय स्वामित्व वाले जहाजों के जरिये लाया ले जाया जाता है। इसके परिणामस्वरूप समुद्री माल ढुलाई सेवाओं के लिए विदेशी कंपनियों को 6 लाख करोड़ रुपये का भुगतान किया जाता है। भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय के 10वें दीक्षांत समारोह के दौरान छात्रों को डिग्री प्रदान करने के बाद उन्होंने कहा, ''यह नई योजना हमारे देश को माल ढुलाई शुल्क में प्रति वर्ष लगभग 4.50 लाख करोड़ रुपये की बचत करने में मदद करेगी और लगभग 25-30 लाख लोगों को नए रोजगार प्रदान करेगी।''

## रूस से तेल खरीदने पर कोई प्रतिबंध नहीं: हरदीप पुरी



**मुंबई :** केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शुक्रवार को कहा कि रूस से कच्चे तेल की खरीद पर कोई प्रतिबंध नहीं है और आपूर्ति बाधित होने पर दुनिया को गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। ईरान और वेनेजुएला का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि भारत ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय के एक जिम्मेदार सदस्य के रूप में हमेशा पाबंदियों का अनुपालन किया है। अमेरिका के भारत पर 25 प्रतिशत शुल्क के अलावा रूस से कच्चा तेल एवं हथियार खरीदने पर 25 प्रतिशत का अतिरिक्त शुल्क लगाने के संदर्भ में मंत्री ने यह बा कही। अमेरिका और भारत के बीच व्यापार नीतियों पर जारी महत्वपूर्ण वार्ता के बीच संवाददाताओं से बातचीत में पुरी ने कहा कि रूस हर दिन करीब एक करोड़ बैरल के साथ विश्व स्तर पर कच्चे तेल का दूसरा सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता बना हुआ है। उन्होंने आगाह किया कि यदि आपूर्ति बाधित होती है तो विश्व को गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। पुरी ने कहा, '' ऊर्जा एक ऐसी चीज है जिसके बिना आप नहीं रह सकते...। अगर आप दूसरे सबसे बड़े उत्पादक को हटा देंगे तो आपको खपत में कटौती करनी होगी। इसके परिणाम बेहद गंभीर होंगे।'' राजनयिक से राजनेता बने पुरी ने कहा कि यही कारण है कि दुनिया रूसी तेल पर प्रतिबंध नहीं लगा रही है। पुरी ने कहा कि रूस से तेल खरीद की मूल्य सीमाएं तय की गई हैं और जब भी ऐसी कोई बात होती है तो वह भारतीय कंपनियों से कम कीमतों पर तेल खरीदने का अनुरोध करते हैं। उन्होंने कहा कि तुर्किये, जापान और यूरोपीय संघ सहित कई देश रूस से तेल खरीदते हैं।

वर्ष 10, पूर्णांक 3370 अंक 180, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in